राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 147 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



सांसद शशि थरूर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भेंट करते हुए।

## पायलट पार्टी में हैं तो मिलकर काम करेंगेः गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कहा, 'अगर वे (सचिन पायलट) पार्टी में हैं तो साथ मिलकर काम क्यों नहीं करेंगे। दरअसल, गहलोत दिल्ली में हैं और मीडिया ने उनसे पूछा था कि क्या उन्हें भरोसा है कि पायलट उनके साथ मिलकर काम करेंगे। जब उनसे काउंटर सवाल किया गया कि उनकी (पायलट) की क्या भूमिका होगी, इस पर गहलोत ने कहा कि भूमिका हाईकमान की होती है। मेरे लिए पद मायने नहीं रखता है। मैं तीन बार मुख्यमंत्री रहा, मैंने काम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मैं उस दिशा में काम करूं कि सरकार कैसे रिपीट हो, हाईकमान भी यही चाहता है।

## पहली बार बिना महरम हज यात्रा पर गईं 4000 महिलाएं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इतिहास** में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब महिलाएं बिना महरम यानी पति या किसी पुरुष के बिना अकेले हज यात्रा पर जा रही हैं। अकेले हज यात्रा पर जाने वाली महिलाओं की संख्या देशभर में 4000 हो गई है। अकेले दिल्ली से 39 महिलाएं हज यात्रा पर जा रही हैं। उन्होंने इस यात्रा पर भेजने के लिए पीएम मोदी को थैंक यू कहा है।

**केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने दिखाई हरी झंडी:** दिल्ली एयरपोर्ट से 39 महिलाओं का एक ग्रुप यात्रा के लिए रवाना हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मीनाक्षी लेखी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। यह वजह है कि आज महिलाएं अकेले हज यात्रा जाने में सक्षम हुई हैं।

## जम्मू में पुल से गिरी बस, 10 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू** में कटरा से करीब 15 किमी दूर झज्जर कोटली के पास मंगलवार सुबह एक बस पुल से नीचे गिर गई। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हैं। मौके पर स्थानीय लोग, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू चलाया और घायलों को अस्पताल भेजा। यह बस अमृतसर से वैष्णो देवी जा रही थी। इसमें 75 यात्री सवार थे। सभी बिहार के रहने वाले थे। जम्मू के डिप्टी कमिशनर अवनी लवासा ने बताया कि इस हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल लोगों को जम्मू में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों का स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे का कारण बस की ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है।

## जम्मू कश्मीर में फिर टारगेट किलिंग



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** के अनंतनाग में सोमवार देर शाम आतंकियों ने एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। मरने वाले की पहचान दीपू नाम के शख्स के रूप में हुई है। दीपू जम्मू के उधमपुर का रहने वाला था और अनंतनाग में सर्कस मेले में काम करता था। गोली मारने के बाद आतंकी घटनास्थल से भाग गए। बाद में दीपू को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इलाके में फोर्स को बढ़ा दिया। दीपू के भाई ने बताया कि वह परिवार में इकलौता कमाने वाला था।

# सीएसके 5वीं बार बनीं आईपीएल चैंपियन, जडेजा ने जड़ा आईपीएल विनिंग चौका

### जडेजा का आईपीएल विनिंग चौका, धोनी ने रविंद्र जडेजा को गोद में उठाया, पवेलियन में बैठे माही आखिरी बॉल पर आंखें बंद किए रहे, रायडू रो पड़े

**टीम एक्शन इंडिया/हमदाबाद**
**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें सीजन का फाइनल रोमांचक रहा। आखिर तक गुजरात-चेन्नई फैंस की सांसे अटकी रहीं। मैच की आखिरी दो गेंद थीं और जीत के लिए चेन्नई को 10 रन चाहिए थे। जडेजा क्रीज पर थे, उधर पवेलियन में बैठे कप्तान एमएस धोनी आंखें बंद कर जीत की प्रार्थना करते दिख रहे थे। तभी 20वें ओवर की आखिरी बॉल फेंकी गई और जडेजा ने चौका जड़ दिया। स्टेडियम में करंट सा दौड़ गया और चेन्नई के फैंस जश्न में डूब गए। जडेजा के चौके साथ ही चेन्नई ने गुजरात को 5 विकेट से हरा दिया। जडेजा सीधे एमएस धोनी की तरफ दौड़े। धोनी की आंखों में आंसू थे। उन्होंने जड्डू को गोद में उठा लिया। हर कोई जश्न में डूबा हुआ था, जबकि गुजरात के स्टार बॉलर मोहित शर्मा मैदान में निराश बैठे दिखे।

**आखिरी 2 गेंद और 10 रनः** 15 ओवर में 171 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स



को आखिरी ओवर में 13 रन की जरूरत थी। मोहित शर्मा के सामने सीएसके के शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा थे। शुरूआती 4 गेंदों पर 3 ही रन आए। अब 2 गेंदों पर 10 रन की जरूरत थी। मोहित ने पांचवीं गेंद

**रोमांचक**

**= मोहित शर्मा के सामने सीएसके के शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा थे। शुरूआती 4 गेंदों पर 3 ही रन आए। अब 2 गेंदों पर 10 रन की जरूरत थी**

स्लोअर यॉर्कर फेंकी, जडेजा क्रीज के अंदर गए और लॉन्ग ऑन की ओर बेहतरीन छक्का मार दिया। आखिरी बॉल मोहित ने लेग स्टंप पर फुल टॉस फेंकी, जडेजा ने फाइन लेग की ओर फ्लिक किया और चौका लगाकर चेन्नई को आईपीएल चैंपियन बना दिया।

**माही ने जड्डू को गोद में उठाया :** फाइनल की आखिरी गेंद पर चौका लगाते ही जडेजा जीत को सेलिब्रेट करते हुए सीएसके के पवेलियन की ओर दौड़ पड़े। वह साथी खिलाड़ियों को दूर करते हुए धोनी के पास गए। जडेजा को देखते ही धोनी खुशी से झूम उठे और उन्हें गोद में उठा लिया। धोनी इमोशनल हो गए और जडेजा को बहुत देर तक गले लगाए रखा।

# पहलवानों ने गंगा में नहीं बहाए मेडल...

### टिकैत के कहने पर माने, बजरंग, साक्षी-विनेश ने उन्हें मेडल्स सौंपे; सरकार को 5 दिन का अल्टीमेटम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/हरिद्वार**
भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना देने वाले पहलवानों ने हर की पौड़ी में अपने मेडल गंगा में बहाने का फैसला टाल दिया है। पहलवान मेडल बहाने के लिए हरिद्वार पहुंचे थे। खबर लगते ही भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत वहां पहुंचे। पहलवानों से बात कर उन्होंने केंद्र सरकार को कार्रवाई के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। टिकैत ने पहलवानों से मेडल्स और मोमेंटो वाली पोटली भी ले ली है। उन्होंने कहा कि इन्हें राष्ट्रपति को देंगे। सभी खिलाड़ी हरिद्वार से घर के लिए रवाना हो गए। इससे पहले साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट करीब एक घंटे तक हर की पौड़ी में बैठकर मेडल पकड़े रोते रहे। उधर, मेडल बहाने के फैसले पर गंगा समिति पहलवानों के खिलाफ खड़ी हो गई थी। उनका कहना था कि ये (हर की पौड़ी) पूजा-पाठ की जगह है, राजनीति की नहीं। बता दें, ये पहलवान पूर्व अध्यक्ष



### मेडल न बहाएं, ये बृजभूषण की कृपा से नहीं मिलेः दीपेंद्र हुड्डा

**हरियाणा** से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने पहलवानों के फैसले पर कहा- देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों से मेरी अपील है कि अपने मेडल गंगा में न बहाएं। आपको ये मेडल भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की कृपा से नहीं मिले हैं।

**टिकैत ने कहा-मेडल देश की शान, ऐसा कदम न उठाएं:** किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा- यह मेडल देश और तिरंगे की शान है हमारा सभी पहलवानों से अनुरोध है कि ऐसा कदम मत उठाओ। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि पहलवानों से जल्द बातचीत करें।

**आंखों में आंसू आ गएः** दंगल गर्ल गीता फोगाट ने कहा- हर खिलाड़ी का देश के लिए मेडल जीतकर तिरंगा विदेशों में फहराने का सपना होता है। आंखों में आंसू आ गए ये देख कर कि हमारे पहलवान वही मेडल गंगा में बहा देंगे।

बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी के लिए जंतर-मंतर पर धरना दे रहे थे। रविवार को पुलिस से हुई झड़प के बाद ये जंतर-मंतर से लौट आए थे। किसान नेता नरेश टिकैत ने खिलाड़ियों से मेडल ना बहाने की अपील की।

### आमरण अनशन करेंगेः साक्षी मलिक

रेसलर साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मेडल्स गंगा में प्रवाहित करने के बाद इंडिया गेट पर आमरण अनशन करेंगे। हमने पवित्रता से इन मेडल को हासिल किया था। इन मेडल को पहनाकर तेज सफेदी वाला तंत्र सिर्फ अपना प्रचार करता है। फिर हमारा शोषण करता है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को नहीं लौटाएंगे, क्योंकि उन्होंने हमारी कोई सुध नहीं ली।

### अहंकार छोड़ें पीएमः केजरीवाल

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूरा देश स्तब्ध है। पूरे देश की आंखों में आँसू हैं। अब तो प्रधानमंत्री को अपना अहंकार छोड़ देना चाहिए।

**पहलवानों से हाथापाई के बारे में सुनकर निराशा हुईः** कुंबले पूर्व क्रिकेटर कुंबले ने कहा- 28 मई को हमारे पहलवानों के साथ हाथापाई के बारे में सुनकर निराशा हुई। उचित बातचीत के जरिए कुछ भी हल किया जा सकता है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आज दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को देखते हुए राष्ट्रपति मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपा है।

## न्यायिक अधिकारी को बदनाम नहीं कर सकतेः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्लीः सोशल मीडिया** का उपयोग करके न्यायिक अधिकारियों को बदनाम नहीं किया जा सकता है। यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के द्वारा जिला न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए एक व्यक्ति को 10 दिनों की जेल की सजा सुनाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए की। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की अवकाश पीठ ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं है। उन्होंने कहा, "सिर्फ इसलिए कि आपको एक अनुकूल आदेश नहीं मिला है, आप न्यायिक अधिकारी को बदनाम नहीं कर सकते।"

## भारतीय सेनाएं बड़े बदलाव की राह परः सीडीएस




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि भारत की सेनाएं बड़े बदलाव की राह पर हैं और तीनों सेनाओं को मिलाकर थिएटर कमांड तैयार करने का ब्लूप्रिंट अंतिम चरण में है। मंगलवार को पुणे में एनडीए के 144वें कोर्स की पासिंग आउट परेड में सीडीएस ने कहा कि हम सैन्य मामलों में एक नई क्रांति देख रहे हैं, जो ज्यादातर तकनीक से संचालित है। पुणे के खडकवासला में एनडीए के 144वें कोर्स की पासिंग आउट परेड के मौके पर कैडेटों को संबोधित करते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक सुरक्षा की स्थिति बेहतर नहीं है और अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक व्यवस्था डांवाडोल हालत में है। यूरोप में जंग, हमारी उत्तरी सीमाओं पर चीनी सेना की निरंतर तैनाती और हमारे निकट पड़ोस में राजनीतिक और आर्थिक उथल-पुथल की घटनाएं भारतीय सेना के लिए एक अलग तरह की चुनौती पेश कर रही हैं। भारत की

**ब्लू प्रिंट तैयार**

**= भारत की सेनाएं एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर हमारे दावों की वैधता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं : सीडीएस जनरल**

सेनाएं एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर हमारे दावों की वैधता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेनाएं न केवल हमारे निकट पड़ोस, बल्कि दूर के पड़ोस में भी शांति और स्थिरता बनाए रखने में रचनात्मक भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि हम सैन्य मामलों में एक नई क्रांति भी देख रहे हैं, जो ज्यादातर तकनीक से संचालित हैं। जनरल चौहान ने कहा कि भारत की सशस्त्र सेनाएं भी एक बड़े परिवर्तन की राह पर हैं, हम संयुक्तता, एकीकरण और थिएटर कमांड का निर्माण करने की तैयारी में हैं। एनडीए के 144वें कोर्स में कुल 386 कैडेट पास हुए और उन्हें जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से डिग्री प्रदान की गई।

## 'वित्त वर्ष 2023-24 में बरकरार रह सकती है भारत के विकास की गति'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मजबूत** व्यापक आर्थिक नीतियों और जिंस कीमतों में नरमी की वजह से भारत के विकास की गति वित्त वर्ष 2023-24 में बरकरार रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही। आरबीआई ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में चालू वित्त 2023-24 वर्ष में मुद्रास्फीति में कमी की उम्मीद भी जताई है। हालांकि, रिपोर्ट में यह कहा गया है कि धीमी वैश्विक वृद्धि, दीर्घकालिक भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक वित्तीय प्रणाली में दबाव की ताजा घटनाओं के कारण अगर वित्तीय बाजार में अस्थिरता होती है, तो इससे वृद्धि के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा हो सकते हैं।

## मनीष सिसोदिया को हाई कोर्ट से झटका

### आरोप गंभीर प्रकृति के हैंः मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की बेंच ने कहा कि आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और आबकारी नीति साउथ ग्रुप को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तैयार की गयी थी। कोर्ट ने 11 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। चार मई को कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया था।



28 अप्रैल को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को सिसोदिया ने हाई कोर्ट में चुनौती दी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि सिसोदिया मंत्री समूह के मुखिया थे और कैबिनेट के बारे में उनको सारी जानकारी थी। वे आबकारी नीति के बदलाव में मुख्य भूमिका में थे। सुनवाई के दौरान सिसोदिया की ओर से कहा गया था कि सिसोदिया के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला बनता ही नहीं। ईडी का पूरा केस सीबीआई के केस पर ही आधारित है। ईडी ने सिसोदिया को 9 मार्च को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

**सरकार की सख्ती** लोन लेने की सीमा 5500 करोड़ घटाई, एनपीए की मैचिंग ग्रांट भी बंद, वित्त मंत्री से मिलने दिल्ली गए सीएम

# मोदी सरकार ने हिमाचल सरकार को दिए झटके

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**अर्से से** कर्ज लेकर घी पी रही हिमाचल सरकार को केंद्र की मोदी सरकार ने जोर का झटका दिया है। केंद्र ने सूबे में सत्ता परिवर्तन के छह महीने के भीतर ही हिमाचल की कर्ज लेने की सीमा को घटा दिया है। बीते साल जब राज्य में जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा की सरकार थी, तब हिमाचल को 14,500 करोड़ रुपए सालाना का लोन लेने की छूट थी। हिमाचल में भाजपा के सत्ता से बाहर होने और कांग्रेस के काबिज होने के बाद मोदी सरकार ने लोन लेने की सीमा में 5500 करोड़ रुपए की कटौती की है। यानी 2023-24 में सुक्खू




सरकार 9000 करोड़ रुपए का ही कर्ज ले पाएगी। इससे 76 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा के कर्ज में डूब चुकी हिमाचल सरकार की आर्थिक सेहत बिगड़ना तय है। इसे लेकर कैग भी हिमाचल को पहले ही चेता चुका है। राज्य की लोन लेने की सीमा की शर्त नहीं हटाई गई तो आने वाले कुछ महीनों बाद कर्मचारियों व पेंशनर को सैलरी और पेंशन का भुगतान तक करना चुनौतीभरा हो जाएगा, क्योंकि राज्य के पास अपनी आय के सीमित साधन है। वहीं केंद्र सरकार एक के बाद एक झटके दे रही है।

**मैचिंग ग्रांट भी बंदः** एनपीए के बदले हिमाचल को हर साल मिलने वाली मैचिंग ग्रांट भी केंद्र सरकार ने बंद कर दी है। राज्य सरकार हर साल मार्च में 1780 करोड़ रुपए एनपीए के तौर पर पीएफआरडीए के पास जमा कराता था, लेकिन इस साल अप्रैल से हिमाचल में डढर बहाल कर दी गई है। इसलिए अप्रैल 2023 से एनएपीए में स्टेट और कर्मचारियों का शेयर के पास जमा नहीं होगा। इसे देखते हुए मोदी सरकार ने इसकी मैचिंग ग्रांट भी रोक दी है।

## छोटे आकार की पेट्रोलियम रिफाइनरी लगाने पर हो रहा विचारः पुरी

**नई दिल्लीः** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में 45 करोड़ टन सालाना रिफाइनरी क्षमता हासिल करने के लिए छोटे आकार की पेट्रोलियम रिफाइनरी लगाने पर विचार किया जा रहा है। फिलहाल देश में रिफाइनिंग क्षमता 25.2 करोड़ टन सालाना है। हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को यहां उद्योग मंडल इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में आयोजित ऊर्जा सम्मेलन को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## मणिपुर हिंसा जातीय संघर्ष, उग्रवाद नहींः सीडीएस

### हालात ठीक होने में समय लगेगा; दो दिन पहले सीएम ने उपद्रवियों को मिलिटेंट बताया था

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर में** 3 मई से जारी हिंसा के बीच चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पुणे में कहा कि राज्य में हालात सामान्य होने में थोड़ा वक्त लगेगा। जनरल चौहान ने कहा- राज्य में हिंसा दो जातियों के बीच संघर्ष का परिणाम है और इसका उग्रवाद से कोई लेना-देना नहीं है। यह कानून-व्यवस्था का मामला है। हम राज्य सरकार की मदद कर रहे हैं। 28 मई को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया था कि राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद पुलिस एनकाउंटर में 40 लोग मारे गए हैं।



**कानून-व्यवस्था**

**= राज्य में हिंसा दो जातियों के बीच संघर्ष का परिणाम है और इसका उग्रवाद से कोई लेना-देना नहीं है : सीडीएस**

सीएम ने इन्हें मिलिटेंट बताया था। मुख्यमंत्री ने कहा था कि हिंसा में शामिल मिलिटेंट आम नागरिकों के खिलाफ एम-16, एके-47 असॉल्ट राइफलों और स्नाइपर गन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**अमित शाह इंफाल में, 1 जून तक यहीं रहेंगेः** गृह मंत्री अमित शाह 29 मई को मणिपुर की राजधानी इंफाल पहुंचे। वे यहां 1 जून तक रहेंगे। देर रात उन्होंने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, मंत्रियों और अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस बैठक में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और इंटेलिजेंस ब्यूरो के चीफ तपन डेका मौजूद थे। मंगलवार सुबह अमित शाह ने अफसरों और सामाजिक संगठनों के साथ बैठक की।

# सूर्य नमस्कार से मनुष्य तन, मन व बुद्धि से स्वस्थ बनता है : संदीप

## डिंपल ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में लगभग 700 छात्राओं को कॉमन प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
हरियाणा योग आयोग के योग शिक्षक एवं सूर्य नमस्कार के विश्व रिकॉर्ड धारक हरियाणा योग आयोग के ब्रांड एंबेसडर संदीप सिंह आर्य ने आज प्रातः विद्यालयों के डीपीई एवं पीटीआई के लिये प्रशासन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कॉमन प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार करने से मनुष्य तन, मन व बुद्धि से स्वस्थ बनता है । उन्होंने सूर्य नमस्कार की विधि और लाभ के बारे में विस्तार से बताया । हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग, हरियाणा के निर्देशन व जिला उपायुक्त शांतनु शर्मा तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ सुदेश जाटियान के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय मंत्री मानसिंह, आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ मनजीत ढुल, योग सहायक रोहतास व डिंपल ने पीटीआई



सचिन व मनोज के प्रबंधन में उपस्थित लगभग 80 डीपीई तथा पीटीआई को प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया। ब्रांड एंबेसडर संदीप आर्य तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्राओं पायल और खुशी ने प्रोटोकॉल अभ्यास का सुंदर प्रदर्शन किया। इसके पश्चात संदीप आर्य, मंजीत ढुल व डिंपल ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में लगभग 700 छात्राओं को कॉमन प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल अश्वनी कौशिक, अंग्रेजी प्रवक्ता सुमन गौतम, डीपीई सीमा रानी सहित सारा स्टाफ उपस्थित था। तीसरे कार्यक्रम में संदीप सिंह ने यूनिवर्सिटी सी. सै. मॉडल स्कूल में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी कुलवंत सिंह, मनजीत ढुल के साथ मिलकर लगभग 350 विद्यार्थियों को प्रोटोकॉल योगाभ्यास करवाया। प्रिंसिपल डॉ सुखविंदर व पीटीआई संदीप सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। गीता कन्या व. मा. विद्यालय, अमीन रोड़ में आयोजित कार्यक्रम में संदीप आर्य, मनजीत ढुल व भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय अधिकारी गुलशन ग्रोवर ने प्रोटोकॉल अभ्यास के साथ-साथ अच्छे जीवन जीने के गुर भी विद्यार्थियों को बताए । विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन बत्रा, प्रबंध समिति उपाध्यक्ष अशोक सिंघल, प्रबंधक भारत भूषण गोयल सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे । गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर 3 में आयोजित कार्यक्रम में संदीप सिंह आर्य ने प्रोटोकॉल अभ्यास व सूर्य नमस्कार प्रदर्शन के साथ-साथ स्टाफ सदस्यों को आदर्श व सुखी जीवन जीने की प्रेरणा दी । राजकीय पॉलिटेक्निक उमरी में संदीप सिंह, मनजीत ढुल, गुलशन ग्रोवर व हार्टफुलनेस की प्रांत प्रभारी लवलीना ने विद्यार्थियों को योग का महत्व बताते हुए प्रतिदिन योग करने की प्रेरणा दी । उल्लेखनीय है कि संदीप सिंह आर्य के नाम सूर्य नमस्कार करने के तीन विश्व रिकॉर्ड हैं जिनमें लगातार 36 घंटे 21 मिनट में 20000 सूर्य नमस्कार करने का सर्वोच्च रिकॉर्ड शामिल है ।

# अग्रवाल वैश्य ने नागरिक अस्पताल में फल-फ्रूट का लगाया भंडारा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अग्रवाल वैश्य द्वारा सिविल हॉस्पिटल अंबाला शहर में गंगा दशहरे के उपलक्ष में चाय फल फ्रूट इत्यादि का भंडारा लगाया गया। इस उपलक्ष पर उपप्रधान हरियाणा पवन अग्रवाल ने गंगा दशहरा की सबको बधाई दी और सभी मरीजों के जल्द ठीक होने की कामना की, लोकसभ क्षेत्र प्रधान अरुण गुप्ता ने बताया वह अपने सभी मेम्बर्स और फैम्लीज के लिए द केरला स्टोरी मूवी दिखाई जा रही है। वह अन्य को भी यह मूवीज देखनी चाहिए,ताकि हमारे समाज के लोग देख कर जागरूक हो सके। साथ में कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता सचिव अरुण कुमार,सहसचिव महेश गोयल प्रेस सचिव रमाकांत,विवेक जैन अनिल गुप्ता,नवनीत गोयल, मयंक गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

# प्रदेशवासी बीजेपी को आगामी चुनावों में चलता करेंगे: सैलजा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा अंबाला में कांग्रेस के वर्करों से मिले व पार्टी को मजबूत करने के लिए विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि लोग मौजूदा सरकार से तंग आ चुके हैं व सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटका में कांग्रेस की हुई प्रचंड जीत के बाद अब हरियाणा के लोग भी एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनाकर प्रदेश के रुके हुए विकास को चालू करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त है व जल्दी ही बीजेपी को प्रदेश की सत्ता से बाहर कर देंगे। कुमारी सैलजा ने कहा कि देश में इस समय अराजकता का माहौल है व बीजेपी सभी धर्मों व जातियों को आपस में लड़ा कर सत्ता प्राप्त करने का प्रयत्न कर रही है। देश की आजादी के लिए कुबार्नी देने वाले देशभक्तों का बीजेपी अपमान कर रही है जिससे हर देशवासी गुस्से में है। कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा राज्य इस समय बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई, कानून व न्याय की मंदहाली से जूझ रहा है। राज्य में कानून नाम की कोई चीज नहीं है व हर दिन नशाखोरी, लूटपाट व कत्ल की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार लोगों की आशाओं के अनुकूल कार्य करने में विफल साबित हुई है।
इस मौके पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकृष्ण गुर्जर, विधायक प्रदीप चौधरी, विधायक वरुण चौधरी मुलाना, विधायक रेनू बाला, हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुधा भारद्वाज, पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन, पूर्व डिप्टी स्पीकर अकरम खान, पूर्व विधायक राजपाल भूखरी, पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन, वीनू अग्रवाल, निर्मल चौहान, डॉ. नवजोत कौर कश्यप, उपिंदर कौर अहलूवालिया, सुरेश उनीसपुर, विमला सरोहा, धर्मपाल गुप्ता, इंद्रजीत सिंह गोराया, राजेश चौधरी, देवेंद्र वर्मा, राजेंद्र बलाह, कंवरदीप सैनी, तरुण चुघ, परविंदर परी, सुधीर जैसवाल, बलविंदर पुनिया, हरजिंदर पुनिया, सुरजीत सिंह पंजोखरा, इशु गोयल, कुलदीप सिंह गुल्लू, अशोक बरतिया, मिथुन वर्मा, मनीष राना, सतीश कनोजिया, हरमिंदर हीरा, हरजीत सिंह बब्बल, गुरतेज अंताल, राजविंदर कौर, रविंदर प्रजापति, विक्की चोहान, दरबार सिंह, कुलदीप मोखा माजरा, अर्जुन धीमान, जनार्दन ठाकुर व अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

# युवा राष्ट्र निर्माण करने में अहम भूमिका निभाते है : सासंद रमेश

**सोनीपत:** राजकीय बहु तकनीकी संस्थान में नेहरू युवा केंद्र सोनीपत के द्वारा मंगलवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव के मुख्य अतिथि सासंद रमेश कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद रमेश कौशिक ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को को संबोधित करते हुए कहा कि युवा राष्ट्द्ध निर्माण करने में अहम भूमिका निभाते है और उन्हें आगे भी राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग शारीरिक और मानसिक रूप से भी कार्य को कुशलता पूर्वक करने में सक्षम होता है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति जीवन के इस दौर से गुजरता है इसलिए युवाओं को उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।

# समाज के वंचित असहाय लोगों की सेवा ही सच्ची समाज सेवा है: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**राष्ट्रीय पं**जाबी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पंजाबी बिरादरी विकास सभा हरियाणा के अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सचदेवा ने आज पंजाबी बिरादरी के संरक्षक राजकुमार मेहंदी रत्ता की अगुवाई में अरोड़ा खत्री वंश के आदि प्रवर्तक श्री अरुट जी महाराज की जयंती को सेवा दिवस के रूप में मनाया इस अवसर पर सर्वप्रथम बिरादरी के सदस्यों ने सेक्टर 7 में निर्माणाधीन श्री अरुट महाराज वाटिका में जाकर महाराज जी की चित्र पर पुष्पांजलि की और महाराज श्री के दिखाए हुए समाज सेवा के रास्तों पर आगे बढ़ने का प्रण लिया। तत्पश्चात सदस्यों ने सिविल हॉस्पिटल में जाकर इलाज करा रहे रोगियों को फल जूस बंद बिस्किट पानी इत्यादि की पैकेट दिए। जो इस अवसर पर वहां उपस्थित रोगियों के परिजनों ने पंजाबी बिरादरी के इस सेवा कार्य की भरपूर प्रशंसा की । तत्पश्चात बिरादरी के सदस्यों ने पशुपति कुष्ठ आश्रम नजदीक होटल अमर पैलेस में जाकर आश्रम के निवासियों को



फल बिस्किट जूस पानी बंद इत्यादि देकर आज के इस सेवा कार्य को आगे बढ़ाया! इस अवसर पर प्रधान संदीप सचदेवा ने कहा कि श्री अरुट महाराज जी जो अरोड़ा खत्री वंश के आदि प्रवर्तक हैं की जयंती के अवसर पर पंजाबी बिरादरी के लोग हर वर्ष सेवा कार्य करते हैं और समाज के सभी लोगों को प्रेरित करते हैं कि वे भी समाज में जरूरतमंद लोगों की सेवा करते मानवता की सेवा करें। मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि बिरादरी के सदस्य अपनी नेक कमाई में से योगदान करके आपसी सहयोग से इस सेवा कार्य को निरंतर कई वर्षों से लगातार चलाते आ रहे हैं! उन्होंने कहा कि आज भी अधिकतर खत्री अरोड़ा पंजाबी समाज के लोग अपने इतिहास को ना जानते हैं इसीलिए भी उनका प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक श्री अरुट महाराज जी का जीवन चरित्र उनकी शिक्षाएं और किस प्रकार उन्होंने समाज को एकत्र करके मानवता की सेवा के लिए प्रेरित किया के बारे में बताया जाए।

> 8 इस अवसर पर वहां उपस्थित रोगियों के परिजनों ने पंजाबी बिरादरी के इस सेवा कार्य की भरपूर प्रशंसा की

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजकुमार मेंदीरत्ता संरक्षक संदीप सचदेवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,अरुण मेहंदीरता ,अतुल आहूजा, अश्विनी अरोड़ा ,सुरेश अरोड़ा ,इंद्रजीत सचदेवा ,गुलशन भाटिया, यश बहल,विजय सचदेवा ,राकेश मक्कड़ ,पवन चुघ,अश्विनी ढींगरा,विपिन चोपड़ा, हरिनारायण चावला, कवल थापर, सतीश कालड़ा, सुभाष बत्रा, राजीव सपरा, सोमनाथ भाटिया ,पुरुषोत्तम भट्टी, नरेश धवन,अशोक भूटानी, दीपक गांधी, सोनू नागपाल, राजीव मदान,संजय चोपड़ा, सुरेश सोनी, हीरा लाल कालड़ा, बिट्टू ठुकराल, सचिन चोपड़ा, रवि विग, उमेश नागपाल, अमित खुराना, हितेश बजाज आदि बिरादरी के सदस्यों ने इस सेवा कार्य में अपनी सहभागिता की।

# बलबीर सिंह बने सिकलीगर सिख समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनिष कुमार)** सिकलीगर सिख समाज के सुभचिंतक जनों ने पानीपत के पीडब्लूडी रेस्ट हाउस के दफ्तर में अहम मिटीगं की। जिसमें सिकलीगर सिख समाज के कुछ खास विषयों पर चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि हरियाणा प्रदेश में सिकलीगर सिख सेवा फाउंडेशन के नाम से एक संस्था रजिस्ट्रेशन कराए जाएगी ?।जिसकी कार्यकारणी इस प्रकार है :- प्रदेश अध्यक्ष - दारा सिंह बडोता, प्रदेश उपाध्यक्ष - बलबीर सिंह अम्बाला, रागी सिंह कैथल, महा



सचिव - कुलदीप सिंह विक्की जीन्द , अनिल सिंह खरखोदा सचिव - जितेंद्र सिंह खरखोदा, प्रदीप सिंह सोनीपत, कोषाध्यक्ष - संजय सिंह पटीकल्याणा, सह कोषाध्यक्ष - अशोक सिंह (सोखी) बडोता , मीडिया प्रभारी - जितेंद्र सिंह खरखोदा, सह मीडिया प्रभारी - प्रदीप सिंह फिरोजपुर धर्म प्रचार - प्रकार सिंह फिरोजपुर , करमबीर सिंह सिवहा, संघरक्षक - सुदेश सिंह व अनेक कार्यकर्णी सदस्य जो मिटीगं में राजू सिंह खरखोदा, हरपाल सिंह नरवाणा, बलजीत सिंह घरौंडा, मनोज सिंह पटीकल्याणा, कुलदीप सिंह किशोरा, वीरेंद्र सिंह बडोता, खन्ना सिंह सिवाह , मुकेश सिंह सिवाह , सिकन्दर सिंह पिहोवा, मलकीत सिंह पीपली, मोहन सिंह पिहोवा व अन्य सेवादार मौजूद रहे।

# प्रार्थना इंसान के हालातों, परिस्थितियों व जीवन को बदल देती है: फादर



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनिष कुमार)**
प्रभु द्वारा दी हुई सामर्थ से साहा में पास्टर सिस्टर संध्या द्वारा चलाए जा रहे हीलिंग प्रेयर हाउस के बाद अब अम्बाला कैंट के गांव बौह के आनन्द नगर में एक और हीलिंग प्रेयर हाऊस का शुभारम्भ हरियाणा पास्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय मसीह समाज के मण्डल प्रभारी प्रदीप मसीह द्वारा प्रभु यीशु के नाम से परमेश्वर के चरणों में की गई प्रार्थना व हालेलुईया का पवित्र नारा लगाकर हुआ। इस अवसर पर फादर सुलतान व एच.पी.एम. के पास्टर राम, पास्टर सचिन, पास्टर राकेश, पास्टर नरेश, पास्टर बबीता व पास्टर संध्या मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रदीप मसीह, फादर सुलतान व पास्टर राम द्वारा कैंडल जलाकर, केक काटकर व पास्टर संध्या द्वारा की गई प्रार्थना के बाद हुआ। प्रभु के विश्वासियों ने प्रभु के गोस्पल गीतों खुदाया शुक्र है तेरा हमें ये दिन दिखाया है, उसकी महिमा करो बंधन टूट जाएंगे मेरा यीशु मौजूद है यहां, अस्सी यीशु दे बंदे हा आजाद परिंदें हा गाकर प्रभु के नाम की महिमा की। आरम्भ हुए इस हीलिंग प्रेयर हाउस में कई लोगों ने अपनी गवाहियों द्वारा यह बताया कि प्रभु यीशु ने किस तरह प्रार्थनाओं के बाद उनके जीवन में चमत्कार किया और वे पूरी तरह प्रभु यीशु के विश्वासी बन गए। अपने सम्बोधन में फादर सुलतान ने बताया कि विश्वास द्वारा की गई प्रार्थना इंसान के हालातों, परिस्थितियों व जीवन को बदल देती है। फादर ने कुछ लोगों द्वारा किए उस कथन को भी झुठलाते हुए बताया कि जिसमें कुछ लोग यह कहते हैं कि यीशु मसीह अंग्रेजों का परमेश्वर है। उन्होंने कहा कि यीशु मसीह न तो खुद अंग्रेज थे और ना ही सिर्फ अंग्रेजों के परमेश्वर थे। वो तो इस धरती पर समस्त जातियों का उद्धार करने के लिए इस पृथ्वी पर मनुष्य का रूप लेकर आए। इसाई नेता प्रदीप मसीह ने मंच के माध्यम से बताया कि चर्चों में धर्म परिवर्तन नहीं वरन मन तथा जीवन परिवर्तित होता है।

# मार्केट की और जाने वाली सड़क के बचे हुए हिस्से का निर्माण कार्य हुआ शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान और वार्ड 3 से निगम पार्षद सुरेंद्र मदान ने देर रात को मौके पर पहुंचकर शुरू करवाया काम। आर एम सी से बनेगा सड़क का बचा हुआ हिस्सा। 42.91 लाख ? की लागत से तीन सड़कों का होगा निर्माण। विवेकानंद चौक से सेक्टर 14 - 15 डिवाइडिंग रोड की तरफ जाने वाली सड़क। सेक्टर 14 मुख्य बाजार से जानकीदास स्कूल की तरफ जाने वाली रोड का भी होगा निर्माण। जल भराव वाले क्षेत्र में आर एम सी से बनेगी सड़क। बाकी हिस्सा बिटुमिन (तारकोल ) से होगा पक्का। आगामी 3 से 4 दिन में किया जाएगा काम को पूरा। नगर निगम एस डी ओ नरेंद्र कुमार भी मौके पर रहे मौजूद। मौके पर



ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन से मिले मेयर निखिल मदान। वैकल्पिक रास्ते का किया जायेगा इंतजाम।
नगर निगम मेयर निखिल मदान सोमवार रात को शहर के गांधी चौक पहुंचे और गांधी चौक से सेक्टर 14 मार्केट की तरफ जाने वाली सड़क के बचे हुए हिस्से का निर्माण कार्य शुरू करवाया। इस मौके पर वार्ड नंबर 3 से निगम पार्षद सुरेंद्र मदान और नगर निगम एसडीओ नरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

> 8 मेयर ने बताया कि सड़क का यह हिस्सा आरएमसी से बनाया जा रहा है ताकि बरसात के समय होने वाले जलभराव से निपटा जा सके

मेयर निखिल मदान ने बताया कि सड़क का यह हिस्सा आरएमसी से बनाया जा रहा है ताकि बरसात के समय होने वाले जलभराव से निपटा जा सके। इसके अतिरिक्त विवेकानंद चौक से सेक्टर 14 -15 डिवाइडिंग रोड की तरफ और सेक्टर 14 मुख्य मार्केट से जानकीदास स्कूल की तरफ जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू किया जाएगा। जलभराव की जगह पर आरएमसी और बाकी जगह बिटुमिन से सड़क को पक्का किया जाएगा।

# मरीजों को मुफ्त मे मिलेगा हर बीमारी का इलाज एक जगह

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** की अग्रणी समाज सेवी संस्था,अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला इकाई सोनीपत व श्री श्याम बाला जी सेवा मंडल के सयुंक्त प्रयास से रविवार दिनांक 04 जून 2023 को शम्भूदयाल स्कूल सोनीपत मे सुबह 10 बजे से शाम 2 बजे तक मुफ्त मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जायेगा, सेफ के चेयरमैन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि सिग्नस हस्पताल के प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा आँखों की जाँच की जाएगी मरीजों को मुफ्त दवाई दी जाएगी तथा मोतियाबिंद के मरीजों का मुफ्त मे ऑपरेशन संस्था द्वारा किया जायेगा, सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता व महासचिव अरविन्द मित्तल ने बताया कि दांतो की जाँच डॉक्टर वरुण शर्मा व स्वास्थ्य की जाँच सिग्नस जे के हिन्दू हस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा की जाएगी एवं मरीजों को तीन दिन की दवाई मुफ्त मे भी दी जाएगी।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह पर शख्सियतों को किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**गोहाना में** मंगलवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह का आयोजन जिला प्रेस क्लब सोनीपत के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने शिरकत की और सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षा क्लब के प्रधान राजेश आहूजा ने की ओर उप प्रधान भंवर सिंह , महासचिव श्याम सुंदर शर्मा और कोषाध्यक्ष रणबीर सिंह रोहिल्ला ने सभी का स्वागत किया। सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने इस दौरान मंच से बोलते हुए कहा कि पत्रकार हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह करके एक अच्छा संदेश दे रहे हैं, क्योंकि देश में हिंदी को बढ़ावा देना भी एक सकारात्मक

> 8 देश में हिंदी को बढ़ावा देना भी एक सकारात्मक सोच है :सांसद रमेश चंद्र कौशिक

सोच है और इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि प्रेस क्लब सोनीपत जब भवन बनाने का कार्य शुरू करेगा उसमे भी सहयोग कर सकते हैं इस दौरान गोहाना से इंदरजीत विरमानी , बार एसोसिएशन के प्रधान वीरेंद्र सिंह एडवोकेट , देवेंद्र , विमल किशोर , इंद्रपाल , भूपेंदर , सुरेंद्र सिंह दहिया , दर्शन, प्रीति , अनिल , नरेंद्र , राजेश राठौर, डॉ सीडी शर्मा , प्रदीप , प्रदीप मलिक , डॉक्टर गजराज , ज्योति गर्ग ,सुशील शर्मा एक्स चेयरमैन सुनील मेहता , जोगिंदर राठी , बलराम



कोशिश , माई राम के अतिरिक्त एसडीएम गोहाना आशीष , सूचना एवं जिला लोक संपर्क अधिकारी विजेंद्र कुमार , नीरज एसएचओ ने शिरकत की । गोहाना से वरिष्ठ पत्रकार परमजीत नरवाल , सारिका नरवाल , ज्योति गर्ग , राजेश खत्री , बिजेंदर सिंहमार, अनिल खत्री ,सुनील जिंदल ,जोगेंद्र सहराया ,अरुण दुहन , रविंद्र वर्मा, श्याम सुंदर , कुलदीप फेमस, जसबीर खत्री , अनिल खत्री, नीरज आंतिल , उमेश और डॉक्टर दर्शन लाल मल्होत्रा ने भी एकजुट होकर कहा कि पत्रकार जीवन में संघर्ष करने हिंदी में खबरें खोज कर लिखता है पत्रकार हिंदी को बढ़ावा दे रहा है और हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह गोहाना आयोजित किया गया है जिससे पत्रकारों में संपूर्ण जिले की एकता भी नजर आ रही है। और भविष्य में सकारात्मक सोच को लेकर जिला प्रेस क्लब कदम आगे बढ़ रहा है और आगामी 13 जून से 9 दिवसीय अंतर राज्य बौद्धिक पत्रकारिता कार्यशाला भी चेन्नई और पोर्ट ब्लेयर में करने जा रहा है, जहां सकारात्मक सोच को प्रेस क्लब की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। अंत में क्लब के पदाधिकारियों के साथ संगक्षक मंडल में शामिल वरिष्ठ पत्रकार राजेश खत्री अनिल खत्री , सुनील जिंदल ने सभी मुख्य अतिथियों का सम्मान किया।

# अरुट महाराज की जयंती पर राष्ट्रीय पंजाबी महासभा ने कच्चे क्वार्टर में लगाया भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत : मंगलवार** को अरोड़ा और खत्री समाज के युग प्रवर्तक अरुट महाराज की जयंती कच्चे क्वार्टर क्षेत्र में धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के तत्वाधान में आर के मिष्ठान भंडार के समीप भंडारा और मीठे पानी की छबील लगाई गई औ? राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के हरियाणा संरक्षक और नगर निगम मेयर निखिल मदान ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अरुट महाराज जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि महापुरुष सभी जातियों के होते है, आज समस्त समाज को



अरूट महाराज के पद चिन्हों पर चलकर समाज को एकजुट करने का कार्य करना चाहिए। मौके पर राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के उपाध्यक्ष कमल हसीजा ने कहा की अरुट महाराज एक न्यायप्रिय राजा थे जिनके शासन में गरीब औ? वँचितों को पूरा सम्मान मिलता था, आज उनकी जयंती पर समस्त समाज उनको नमन करता है। इसके उपरांत मेयर निखिल मदान, ललित पंवार और कमल हसीजा सहित सभी सदस्यों ने राहगीरों को भंडारा वितरित किया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललित पंवार , राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल हसीजा, गुरुदत खुशदिल,प्रेम रेलन,सतीश विरमानी, सौरभ सचदेवा,सोनीपत संरक्षक लाजपत डुडेजा, भारत भूषण, रवि हसीजा, पंकज चावला,सुरेश गुप्ता,अशोक सरदाना, अनिल एलाबादी,जुगल ज्योति आदि लोग मौजूद रहे।

# एनआईसीडीसी से औद्योगीकरण में मिलेगी मदद: सीएम मनोहर लाल

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की मॉनिटरिंग अथॉरिटी की दूसरी बैठक की अध्यक्षता

**अध्यक्षता की**

= नांगल चौधरी में 886 एकड़ भूमि पर इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब बनाया जाना है




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर और कार्यान्वयन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) की शीर्ष मॉनिटरिंग अथॉरिटी की दूसरी बैठक की अध्यक्षता की। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उद्योग मंत्रियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे पी दलाल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

**नांगल चौधरी में बन रहा इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब और आईएमसी, हिसार के पूरा होने से उद्योगों को मिलेगा काफी फायदा :** बैठक के दौरान मनोहर लाल ने राज्य की दो बड़ी परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए कहा कि नांगल चौधरी में 886 एकड़ भूमि पर इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब बनाया जाना है। इस परियोजना से संबंधित सड़क, पानी और बिजली से संबंधित कार्य शुरू हो गया है और जून माह तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके अलावा, इंटर्नल रेल यार्ड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जल्द ही ईपीसी टेंडर जारी कर दिया जाएगा।मुख्यमंत्री ने बताया कि अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर (एकेआईसी) के साथ-साथ एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) परियोजना के तहत हिसार में 1605 एकड़ भूमि पर आईएमसी विकसित किया जाना है। इसके लिए सीएलयू के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति दी जा चुकी है। पर्यावरण क्लीयरेंस की प्रक्रियाओं को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं हरियाणा राज्य के लिए बेहद महत्वाकांक्षी हैं और इन पर तेज गति से कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से उद्योगों को काफी फायदा मिलेगा। इतना ही नहीं, यह परियोजनाएं विनिर्माण और औद्योगिक गतिविधियों में निवेश बढ़ाने में भी सक्षम होंगी। मनोहर लाल ने कहा कि कलानौर, यमुनानगर में इनलैंड कंटेनर डिपो के लिए राज्य सरकार जल्द ही डीपीआर केंद्र को भेजेगी ताकि इस परियोजना पर भी काम शुरू हो सके।

### एनआईसीडीसी से प्रदेश में औद्योगीकरण और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में मिलेगी मदद

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीसी) से प्रदेश में औद्योगीकरण और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में मदद मिलेगी, जिससे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की आर्थिक प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में 11 इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाये जा रहे हैं। हरियाणा सरकार भी प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य की परियोजनाओं को तीव्र गति से पूरा करेगी।

# राज्य सरकार ने पद्म पुरस्कारों के लिए 15 अगस्त तक मांगे आवेदन



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
भारत सरकार द्वारा 26 जनवरी,2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए हरियाणा सरकार ने अपनी सिफारिशें देने हेतु राज्य के पात्र नागरिकों से 15 अगस्त,2023 तक ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए हैं।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पद्म पुरस्कारों के लिए सिफारिशें पर 15 अगस्त, 2023 तक भेजी जानी चाहिए। वर्ष 2024 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2024 के लिए ऑनलाइन नामांकन/सिफारिशें शुरू की दी गई हैं। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर,2023 है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। प्रवक्ता ने बताया कि पद्म पुरस्कार नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इन पुरस्कारों के अंतर्गत ह्यउत्कृष्ट कार्यह्व के लिए सम्मानित किया जाता है तथा ये कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। सभी लोग इन पुरस्कारों के पात्र हैं चाहे उनका कोई पंथ, व्यवसाय, पद या लिंग हो। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोडकर अन्य सरकारी सेवक, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी सेवक भी शामिल हैं, पद्म पुरस्कारों के पात्र नहीं हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार पद्म पुरस्कारों को पीपुल्स पद्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख प्रस्तुत किया गया हो। महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निःस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किये जाये।

# कोर्ट के ऑर्डर पर स्टेट ऑफिसर गिरफ्तार

## गुरुग्राम डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश; आदेश की अनदेखी से नाराज हाईकोर्ट, प्रॉपर्टी विवाद से जुड़ा मामला

**संपत्ति विवाद**

= हाईकोर्ट ने एक दिन पहले निचली अदालत के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की थी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
**हरियाणा** के गुरुग्राम में प्रॉपर्टी विवाद से जुड़े मामले में लोअर कोर्ट के आदेश की अनदेखी करने पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस द्वारा स्टेट ऑफिसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके बाद सुबह डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश किया गया। हाईकोर्ट ने एक दिन पहले निचली अदालत के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की थी। याची को सोमवार रात 10 बजे तक गिरफ्तार करने व मंगलवार सुबह 10 बजे तक संबंधित अदालत के सामने पेश करने का गुरुग्राम के पुलिस कमिश्नर को आदेश दिया था। हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने संपत्ति विवाद में गुरुग्राम की अदालत के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में बताया गया कि गुरुग्राम कोर्ट ने 14 मई को आदेश सुनाते हुए स्टेट ऑफिसर को हिरासत में लेने का आदेश जारी किया था। हाईकोर्ट ने याचिका पर कड़ा रुख अपनाते हुए याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। कहा कि आदेश का पालन करने में देरी को लेकर याची के पास कोई स्पष्टीकरण नहीं है।

**2013 में आदेश को निचली अदालत में दी चुनौती:** सेक्टर 38 के प्लाट नंबर 64 के आवंटन को रद्द किया था। आवंटी ने इस आदेश को साल 2013 में निचली अदालत में चुनौती दी थी। साल 2015 में अदालत ने आवंटी के पक्ष में आदेश जारी कर दिया था। ऊपरी अदालत में इस आदेश के विरुद्ध याचिका दायर की थी। आदेश के काफी समय के बाद अपील दाखिल की गई।

### 15 दिन पहले ही स्टेट ऑफिसर-2 बनी सुमन

**हाईकोर्ट** ने गुरुग्राम की अदालत को आदेश दिया है कि इस मामले में लिए गए एक्शन के बारे में कोर्ट को सूचित किया जाए। 15 दिन पहले ही स्टेट ऑफिसर 2 के पद पर आसीन हुईं सुमन भाकर को गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार सुबह मनीषा गौड़ की अदालत में पेश किया। इससे पहले कभी भी वे इस पद पर नहीं रहीं। 2013 से अब तक इस पद पर 15 से ज्यादा अधिकारी आसीन रहे हैं।

# एक जून को नारनौल में डिप्टी सीएम के 30 कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**एक** जून को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला नारनौल विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वे यहां करीब 30 सार्वजनिक और निजी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। जेजेपी प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने बताया कि डिप्टी सीएम नारनौल शहर में क्रमशः नई सब्जी मंडी, निजामपुर रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, ऑटो मार्केट, सिंघाना रोड, प्रजापत धर्मशाला नसीबपुर, नामदेव धर्मशाला, आजाद चौक, मानक चौक, सराफा बाजार, पुल बाजार और महावीर मार्ग आदि स्थानों पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

# पंचकूला स्कूल में टीचर की पिटाई..चप्पलों की माला पहनाई

## छात्राओं को टॉफी-चॉकलेट देकर पोर्न मूवी दिखा छेड़छाड़ करता, कार्रवाई नहीं हुई तो लोग भड़के




**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
**हरियाणा** में पंचकूला के सरकारी स्कूल में पंजाबी टीचर ने 8वीं क्लास की स्टूडेंट के साथ छेड़छाड़ की। आरोपी टीचर टॉफी और चॉकलेट देकर पोर्न मूवी दिखाता था। फिर उनके साथ गलत हरकतें करता था। इसका पता चला तो परिजनों ने पहले स्कूल को शिकायत की। कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अभिभावक खुद स्कूल पहुंच गए। उन्हें देखकर टीचर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा। यह देख अभिभावकों ने टीचर को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। उसे जूते-चप्पल की माला पहनाई गई। इसके बाद पूरे मामले की शिकायत पुलिस को की गई। रायपुररानी पुलिस ने आरोपी टीचर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला कि पंजाबी टीचर बंत सिंह छात्राओं को बहाने से अपने पास बुलाता था। फिर उन्हें टॉफी या चॉकलेट देकर मोबाइल में अश्लील मूवी दिखाता था। इस दौरान वह लड़कियों से अश्लील हरकतें भी करता था। आरोपी टीचर कहता था कि लड़कियों को अपनी पसंद के लड़के से शादी करनी चाहिए। किसी के कहने में नहीं आना चाहिए।

**परेशान लड़कियों ने परिवार को बताया:** पंजाबी टीचर बंत सिंह की हरकतों से लड़कियां परेशान हो गईं। 26 मई को उन्होंने घर जाकर परिवार को इसके बारे में बताया। इसके अगले दिन यानी 27 मई को लड़कियों ने इसकी शिकायत स्कूल के हेड टीचर को की। आरोप है कि उन्होंने भी कोई कार्रवाई नहीं की।

# एससी खाप महापंचायत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को मिली धमकी



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**हरियाणा** के रोहतक की तेज कॉलोनी निवासी एससी खाप महापंचायत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं गुरु रविदास महासभा के पूर्व प्रधान को धमकी मिली है। साथ ही उनसे 10 लाख रुपए की मांग भी की गई है। जिसकी शिकायत पुलिस को दे दी। शिकायत में उसने कहा कि खुद को आंदोलन से अलग करने पर धमकियां मिलने लगी हैं। तेज कॉलोनी निवासी मंजीत मोखरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एससी खाप महापंचायत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है। गुरु रविदास महासभा का पूर्व प्रधान भी रह चुका है। वर्ष 2020 में चमरवा डेरा (बाबा मस्तनाथ मठ) बोहर के विषय को लेकर कांता आलडिया व अन्य समाज सेवियों के साथ समाज हित में आवाज उठाई थी।

**आंदोलन से खुद को किया अगल तो मिली धमकी:** मंजीत मोखरा ने आरोप लगाया कि उसे पता चला कि कांता आलडिया की डेरे के रुपए हड़पने व बदनीयत की मंशा है। जिसका पता लगने के बाद खुद को आंदोलन से अलग कर लिया। उसने आरोप लगाया कि इसके बाद वे सभी लोग रंजिश रखे हुए हैं। कई बार धमकियां देते रहते हैं। यहां तक कि वाट्सऐप मैसेज करके असभ्य भाषा का भी प्रयोग किया।

**10 लाख रुपए मांगे:** मंजीत ने कहा कि आरोपी रुपए ऐंठने वाला कहकर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# हरियाणा में 40 किमी रफ्तार से चलेंगी हवाएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में अभी 3 दिनों तक मौसम खराब रहेगा। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। चंडीगढ़ मौसम विभाग ने इसको लेकर सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। इस दौरान गरज और चमक के साथ बारिश होगी। दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहने की मौसम विभाग ने संभावना जताई है। 24 घंटे में बारिश के आंकड़ों को यदि हम देखे तो सबसे ज्यादा गुरुग्राम में 82.0 टट बारिश रिकॉर्ड की गई है। हरियाणा में 24 घंटे के दौरान 6 जिलों में खूब बारिश हुई। सबसे ज्यादा गुरुग्राम में 82 टट बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके बाद कुरुक्षेत्र में 60.0 टट बारिश हुई। तीसरे नंबर पर अंबाला में 24.5 टट बारिश दर्ज की गई। यमुनानगर में 28.5, करनाल में 14.0 टट बारिश और करनाल में 1.0 टट बारिश रिकॉर्ड की गई।

**धान की रोपाई पर पड़ेगा असर:** हरियाणा में सामान्य से बारिश कम होने का सबसे ज्यादा असर 15 जून से होने वाली धान की रोपाई पर पड़ेगा। राज्य में इस बार 12 से 15 लाख हेक्टेयर में धान की रोपाई होनी है। बारिश कम होने के कारण तय लक्ष्य में कमी आएगी या देरी होगी। हालांकि अच्छी बात यह है कि जून में कम होने वाली बारिश की भरपाई आने वाले महीनों में हो जाएगी।

# सिरसा में जज की कुर्सी की पर बैठा शिक्षक

**वारदात**

= सोमवार को उसकी कोर्ट में तारीख थी। वह कोर्ट खुलने से पहले ही सुबह साढ़े 8 बजे कोर्ट पहुंच गया

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हरियाणा** के सिरसा जिले में एक रोचक मामला सामने आया है। कोर्ट में पेशी पर आए आरोपी शिक्षक ने जज की कुर्सी पर बैठकर सफाई कर रहे कर्मचारियों को कॉफी लाने का आदेश दिया। हालांकि कर्मचारियों ने इसका विरोध किया तो आरोपी कोर्ट से बाहर निकल गया और दरवाजे पर लात मारने लगा। जिसके बाद कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया।

**कोर्ट खुलने से पहले ही पहुंचा आोरपी:** बता दें कि पंजाब के मानसा जिले की सरदूलगढ़ तहसील के भादरा निवासी कर्मजीत प्राइवेट स्कूल में अध्यापक है। उसके खिलाफ साल 2022 में उसकी पत्नी ने थाना रोडी में दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करवाया था। उसकी ससुराल रंगा गांव में है। सोमवार को उसकी कोर्ट में तारीख थी। वह कोर्ट खुलने से पहले ही सुबह साढ़े 8 बजे कोर्ट पहुंच गया। 9 बजे वह फास्ट ट्रैक कोर्ट के अंदर घुस गया और पूरी वारदात को अंजाम दिया।

# हरियाणा में 32 दिन होगी गर्मी की छुट्टियां

## 1 जून से 2 जुलाई तक बंद रहेंगे स्कूल; कल जारी होगा लेटर



**छुट्टी...**

= हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सरकारी और निजी स्कूलों के लिए गर्मी की छुट्टियों की तारीख घोषित नहीं की हैं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** स्कूल शिक्षा विभाग ने गर्मी की छुट्टियों की तैयारी शुरू कर दी है। इस बार सूबे में 32 दिनों तक स्कूल बंद रहेंगे। 1 जून से 2 जुलाई तक स्कूलों में छुट्टियां रहेंगी। 3 जुलाई को स्कूल खोले जाएंगे। संभावना है कि गर्मियों की छुट्टी को लेकर गुरुवार को शिक्षा विभाग इसका नोटिफिकेशन जारी कर दे। हरियाणा की स्कूलों में समय वेकेशन 30 दिनों का होता आया है। यह समर वेकेशन 1 जून से 30 जून तक होता था, ऐसे में लोग अनुमान लगा रहे थे कि इस साल भी हरियाणा में 30 दिनों के लिए स्कूल 1 जून से 30 जून तक बंद रहेंगे। हालांकि अभी तक हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सरकारी और निजी स्कूलों के लिए गर्मी की छुट्टियों की तारीख घोषित नहीं की हैं।

**जून में 45 पार होगा पारा:** वैसे हरियाणा में अभी तक गर्मी अपना पूरा असर नहीं दिखा पाई हैं, लेकिन 1 जून के बाद गर्मी अपने प्रचंड रूप में दिखेगी। चंडीगढ़ मौसम विभाग के अनुसार, इस बार हरियाणा में 92% बारिश कम होने के आसार हैं। ऐसे में यहां दिन और रात के तापमान में वृद्धि देखने को मिलेगी। दिन का अधिकतम तापमान कुछ शहरों का 45 डिग्री के पार जाने की भी संभावना है। ऐसे में स्कूलों को बंद रखना बेहद जरूरी है। पंजाब सरकार द्वारा 2023 के लिए गर्मी की छुट्टियों का ऐलान किया जा चुका है। राज्य में सरकारी स्कूलों में एक जून से 2 जुलाई तक गर्मी की छुट्टी रहेगी। गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए गर्मी की छुट्टियों का ऐलान किया गया है।

# एचआरएमएस पर कर्मचारियों का डेटा अपडेट करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार ने सभी बोर्डों, निगमों के प्रबंध निदेशकों, मुख्य प्रशासकों और विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार को मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली एप्लिकेशन (एचआरएमएस) को अपनाने और 30 जून 2023 तक एचआरएमएस पर अपने कर्मचारियों के डेटा को अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव की ओर से सभी प्रशासनिक सचिवों को जारी एक पत्र में कहा गया है कि कुछ बोर्डों, निगमों और विश्वविद्यालयों ने अभी तक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली एप्लिकेशन का उपयोग नहीं किया है।

# जे.सी. बोस विवि ने एनईपी-2020 के प्रावधानों के साथ दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की

**शिक्षा नीति**

= चार वर्षीय स्नातक डिग्री में विद्यार्थियों को मिलेगा ऑनर्स तथा ऑनर्स विद रिसर्च का अवसर

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**जे.सी.** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के प्रमुख प्रावधानों को शामिल करते हुए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने एडमिशन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2023 है। एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप महत्वपूर्ण पहल करते हुए विश्वविद्यालय ने तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम शुरू किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी तथा उन्हें ऑनर्स तथा ऑनर्स विद रिसर्च में चार वर्षीय स्नातक डिग्री का अवसर मिलेगा। हालांकि, विद्यार्थियों के लिए तीन वर्षीय स्नातक डिग्री का विकल्प भी खुला रहेगा। इसके अलावा, विद्यार्थियों को अपनी मुख्य डिग्री के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किसी भी माइनर डिग्री पाठ्यक्रम को चुनने का विकल्प भी मिलेगा। एनईपी-2020 के प्रावधानों को सत्र 2023-24 से विश्वविद्यालय के साथ-साथ सभी संबद्ध कॉलेजों में लागू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय आगामी सत्र से बीएससी (विजुअल कम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी) के रूप में नया पाठ्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है।

# शिकायतों पर कार्यवाही न करने पर ऊर्जा मंत्री ने ईओ को निलंबित किया

## बैठक में 16 शिकायतें रखी गई, जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा के** ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में लंबित पड़ी शिकायतों पर जींद नगर परिषद के ईओ द्वारा कार्यवाही न करने व संतोषजनक जवाब न देने पर निलंबित करने व विजिलेंस जांच के आदेश दिए। उन्होंने सफीदों नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं की प्राइवेट बस संचालकों द्वारा बस न रोकने व दुर्व्यवहार करने की शिकायत पर भी संज्ञान लेते हुए बस को इंपाउंड करने व चालक एवं परिचालक पर एफआईआर दर्ज कर तुरंत कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह जिला जींद में आयोजित जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में 16 शिकायतें रखी गई, जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। ऊर्जा मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जन साधारण की आने वाली शिकायतों का त्वरित आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक जींद को जिला में महिलाओं की सुरक्षा व शरारती तत्वों से निपटने के लिए पार्क, महिला कॉलेज व अन्य विद्यालयों के सामने पीसीआर की निरंतर गश्त लगाने के निर्देश दिए। बिजली के खंभों की शिकायत पर मंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारियों को ग्राम पंचायत से तालमेल बैठाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### माडल टाऊन में छत से गिरकर व्यक्ति की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मॉडल टाऊन** क्षेत्र में मकान से शटरिंग का सामान लेने गया व्यक्ति छत से गिरकर गंभीर घायल हो गया। जिसे साथियों ने आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय बबलू मूल रूप से गांव टयोंठ के रहने वाला था। वह करनाल की बसंत विहार कॉलोनी गली नंबर 5 में अपने परिवार के साथ रह रहा था। बबलू शटरिंग के गोदाम में ट्रैक्टर चालक के रूप में काम करता था। ट्रैक्टर चलाकर वह अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। बीती शाम को वह मॉडल टाउन में एक मकान से ट्रैक्टर लेकर शटरिंग का सामान लेने के लिए गया था। लेबर शटरिंग उतार रही थी और बबलू छत के ऊपर खड़ा था। अचानक वह छत से गिर गया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आज शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### अफीम बरामदगी मामले में अफीम सप्लायर काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्पेशल यूनिट** असंध की टीम द्वारा अफीम सप्लाई करने वाले आरोपी बद्रीलाल पुत्र नाथूलाल वासी गांव लसूडिया जिला झालावाड राजस्थान को आरोपी के गांव लसूडिया से गिरफ्तार किया गया।
इस मामले में 26 मई को आरोपी कुलवंत सिंह उर्फ कांता पुत्र जोगा सिंह वासी बूटा कॉलोनी वार्ड नंबर 6 गुलरपुर रोड निसिंग जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर 760 ग्राम अफीम सहित थाना निसिंग के एरिया से गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को अदालत में पेश करके चार दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। पूछताछ में आरोपी कुलवंत सिंह उर्फ कांता ने बताया था कि वह उपरोक्त अफीम को आरोपी बद्रीलाल से एक लाख रुपए में खरीदकर लाया था।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# 14 जून तक नि:शुल्क करवा सकते हैं ऑनलाईन अपडेट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.** वैशाली शर्मा ने मंगलवार को शहर के विकास सदन में आधार परियोजना की समीक्षा करते हुए इस कार्य में लगे ऑप्रेटर्स और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेशन के कार्य को मिशन मोड में करें, ताकि करनाल प्रदेश में शीर्ष पर आए। उन्होंने कहा कि 14 जून तक आधार दस्तावेज को ऑनलाईन अपलोड करना निशुल्क है। दूसरी ओर आधार केन्द्र पर 50 रुपए शुल्क के साथ आधार को अपडेट करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले बने आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपडेट कराने में तेजी लाकर करनाल को प्रदेश में पहले नम्बर पर लेकर आएं। जिला के कम्प्यूटर ऑप्रेटरों को इस कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है।



समीक्षा मीटिंग में उन्होंने कहा कि आधार अपडेशन के कार्य में जो ऑप्रेटर ठीक से काम नहीं कर रहा, उसे हटाकर दूसरे ऑप्रेटर को लगाया जाए। जो लोकेशन पर नहीं बैठता, उसकी मशीन बंद कर दें। इसकी निगरानी के लिए उन्होंने कॉमन सर्विस सेंटर, स्पेशल पर्पज व्हीकल के जिला प्रबंधक विनोद शर्मा को निर्देश दिए और कहा कि निरीक्षण की रोजाना रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट कराना जरूरी है। इसके लिए यूनिक आईडेंटिफिकेशन अथोरिटी ऑफ इंडिया (यू.आई.डी.ए.आई.) ने विशेष रूप से 10 साल से पहले जारी किए गए आधार के लिए पी.ओ.आई. व पी.ओ.ए. दस्तावेजो को अपलोड करने के लिए एक अभियान शुरू किया है।
पी.ओ.आई. यानि प्रूफ ऑफ आईडेंटटी के लिए वोटर कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस और मैट्रिक की मार्कशीट जैसे डॉक्यूमेंट में से किसी को भी अपलोड कर सकते हैं, जबकि पी.ओ.ए. यानि प्रूफ ऑफ एड्रेस में पासपोर्ट, वोटर कार्ड, डोमिसाईल व जाति प्रमाण पत्र जैसे डॉक्यूमेंट में से कोई एक अपलोड किया जा सकता है।
उन्होंने जिला प्रबंधक को निर्देश दिए कि सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय परिसर में संचालित सरल केन्द्र में लोगों का अच्छा फुटफाल रहता है। यहां इस काम के लिए कुशल ऑप्रेटरों को लगाएं। जरूरी हो तो इनकी संख्या भी बढ़ाएं, ताकि जनता को सुविधा मिले। इसी प्रकार बैंको में भी पब्लिक का अच्छा फुटफाल रहता है, वहां से भी अच्छा रिस्पोंस मिल सकता है। सभी ऑप्रेटर से रोजाना की रिपोर्ट ली जाए, ताकि अपडेशन का कार्य कितना हुआ है, इसकी जानकारी मिलती रहे। जिन व्यक्तियों के आधार अपडेट हो चुके हैं, उनकी भी रिपोर्ट दें। स्कूलों में बच्चों का आधार अपडेशन हो जाएगा, तो अच्छा रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने एडीसी को बताया कि 1 जून से स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश हो जाएगा, जो एक महीने तक रहेगा। इस दौरान बच्चों के अपडेशन का कार्य मुश्किल होगा। इस पर एडीसी ने निर्देश दिए कि वे डीडीपीओ की मार्फत सभी गावो में मुनादी करवाएं। उन्होंने कहा कि जो नागरिक डॉक्यूमेंट को अपडेट करने की क्या आवश्यकता है, जैसे सवाल करते हैं, उन्हें समझाएं, जागरूक करें। जिस कॉमन सर्विस सेंटर से अधिक शुल्क वसूलने या भृष्टद्द आचरण की शिकायत मिले, उसे समयबद्ध तरीके से हल करें। उन्होंने 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नए नामांकन पर जोर देने की आवश्यकता बताई और कहा कि स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग इस सम्बंध में अवश्य कार्रवाई करें। समीक्षा मीटिंग में मौजूद ऑप्रेटरों को निर्देश देते एडीसी ने कहा कि सभी ऑप्रेटरों को दस्तावेज अपडेशन के कार्य में संवेदनशील बनना चाहिए। जनता की शिकायतों का समाधान करें, दस्तावेज चैक करने के बाद अपलोड करने में रिजेक्शन कम से कम हो।

**8 आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेशन के कार्य को मिशन मोड में करें, ताकि करनाल प्रदेश में शीर्ष पर आए**

## तरावड़ी के पास खुर्दबुर्द हालत में पड़ा शव मिला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**नेशनल** हाईवे पर कस्बा तरावड़ी फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति का शव खुर्दबुर्द हालत में मिला है। शव पर रातभर वाहन गुजरते रहे। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति सडक पार करते हुए किसी वाहन की चपेट में आया था। शव के टुकड़ों को पॉलिथीन में इकट्ठा कर पुलिस ने मोर्चरी हाउस में भिजवा दिया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह तरावड़ी पुलिस को सूचना मिली की फ्लाईओवर पर एक शव के अवशेष पड़े हैं, जिसके बाद एसआई सुल्तान सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस का अनुमान है कि व्यक्ति सडक पार कर रहा होगा और इसी दौरान किसी वाहन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई और शरीर के टुकड़े बिखर गए।
शव को देखकर ऐसा लगता है कि सारी रात भारी वाहन मृतक के ऊपर से गुजरते रहे, जिससे सुबह तक मृतक का शव खुर्द बुर्द की अवस्था में मिला। शव सडक से चिपक चुका है। मृतक के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी उसकी पहचान की कोशिश की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लग पाई।

## पैदल जा रही तीन महिलाओं को कार ने कुचला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**बीती शाम** पैदल जा रही तीन महिलाओं को रील बना रहे कार सवार युवकों ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीसरी को हल्की चोटें आई हैं। इस हादसे में मारी गई भजन गायिका अंजू साईं का आज पोस्टमार्टम किया गया। उनकी बॉडी को कारसवारों ने इतनी बुरी तरह कुचल दिया कि पोस्टमार्टम के लिए शरीर को खोलने वाले कर्मचारी के हाथ भी कांप उठे। अंजू साईं की कई पसलियां टूट गई और पेट के अंदर खून जमा हो गया। सिर में भी गंभीर चोट लगी।



सेक्टर-6 स्थित साई मंदिर की भजन गायिका अंजू साई की मौत की वजह क्या रही? यह तो डिटेल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा, लेकिन शुरूआती जांच के आधार पर ऐसा लग रहा है कि कार की टक्कर के बाद उनके शरीर के कई अंग क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच घटनास्थल से टक्कर मारने वाली कार की आधी नंबर प्लेट मिली है। फरीदाबाद नंबर की ये कार कुछ समय पहले ही करनाल में ट्रांसफर कराई गई है। पुलिस कार सवार युवकों की तलाश कर रही है।
भजन गायिका अंजू अपनी दोस्त और साई मंदिर की सेवादार शशि पाहवा के साथ सोमवार देर शाम संध्या आरती के बाद पैदल घर जा रही थी। उनके साथ एक और महिला भी थी। उसी समय कार सवार युवकों ने तीनों को पीछे से टक्कर मार दी थी। आज दोपहर तक अंजू साई और शशि पाहवा का पोस्टमार्टम चला। इस दौरान अस्पताल में शहर से बड़ी संख्या में लोग जमा रहे। पुलिस ने अंजू साईं और शशि पाहवा का पोस्टमार्टम करवाकर बॉडी परिवारों को सौंप दी।

## बिजली कनेक्शन रिश्वतकांड में एसडीओ, क्लर्क और ठेकेदार एक दिन के रिमांड पर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल** में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बीती शाम बिजली बोर्ड के एसडीओ, क्लर्क और ठेकेदार को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार था। इन तीनों ने किसान से बिजली कनेक्शन के लिए रिश्वत मांगी थी। एसीबी ने पहले रिश्वत लेते ठेकेदार को पकड़ा, जिससे पूछताछ में एसडीओ और क्लर्क का नाम सामने आया। टीम द्वारा आज दोपहर बाद तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से तीनों को पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।
एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को एक



किसान ने शिकायत देते हुए कहा था कि बिजली निगम के एसडीओ वतन सिंह और क्लर्क अजय कुमार ने पानीपत जिला के धर्मगढ़ निवासी ठेकेदार बलराज के मार्फत सोलर नेट मीटर के लिए रिश्वत की डिमांड की है। बिजली निगम के एसडीओ और क्लर्क अब तक शिकायतकर्ता से 55 हजार रुपए ले चुके थे। सोमवार की शाम को 15 हजार रुपए और लेने वाले थे। इसकी शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम के इंस्पेक्टर रणबीर सिंह की अगुवाई में टीम मुनक पहुंच चुकी थी।
इसके बाद सोमवार की शाम को जैसे ही बिचौलिया बलराज 15 हजार रुपए की रिश्वत लेने के लिए आया तो एसीबी ने उसे रंगे हाथों काबू कर लिया। बलराज के हाथ आते ही उसने बिजली निगम के एसडीओ वतन सिंह और क्लर्क अजय का नाम भी उगल दिया था।

## 905 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित महिला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीआईए टू** की टीम द्वारा प्रतिबंधित मादक पदार्थों पर अंकुश लगाते हुए प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा फूल पत्ती सहित एक महिला आरोपी सुनीता उर्फ मोटी पत्नी बीरू निवासी इन्द्री को विश्वकर्मा मंदिर इन्द्री के पास से काबू किया गया। तलाशी लेने पर महिला के कब्जे से एक पोलोथीन में से 905 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में महिला के खिलाफ थाना इन्द्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि महिला पिछले काफी समय से प्रतिबंधित मादक पदार्थों की सस्ते दाम पर खरीदकर मंहगे दाम पर बेचने का काम करती है।

## योगा नहीं योग करिए: डॉ अमित



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आयुष विभाग** के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 को सफलतापूर्वक मनाने के लिए प्रथम कड़ी में 29 से 31 मई तक जिले में 8 ब्लॉक असन्ध, घरौण्डा, मूनक, निसिंग, इन्द्री, नीलोखेडी, कुंजपुरा तथा करनाल में ब्लॉक स्तर पर शिक्षा विभाग के 236 पीटीआई तथा डीपीई ने अन्तर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के प्रशिक्षण में दूसरे दिन भाग लिया।
आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी हरियाणा योग आयोग डॉ. अमित पुंज ने बताया कि योग साधकों ने अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकोल के तहत प्रार्थना के साथ शिविर शुरू किया, जिसके बाद ग्रीवा चालन, स्कंध खिंचाव, स्कंध चक्र, कटीशक्ति संचालन, घुटना संचालन, ताडासन, पादहस्तासन, वृक्ष आसन, त्रिकोण आसन, अर्ध चक्रासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशाकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंध आसन, उत्तानपाद आसन, अर्धहलासन, पवन मुक्तआसन, शवासन, योग निद्रासन व प्राणायाम के अंतर्गत कपालभाती प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम व ध्यान आदि का प्रशिक्षण दिया गया। संपूर्ण विश्व की शांति के लिए संकल्प लेने के पश्चात सभी जगह योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए शिविर का समापन शांति पाठ के साथ किया गया।
डॉ.अमित ने साधकों को संबोधित करते हुए ध्यान की उपयोगिता के बारे में समझाया कि हमें आम बोलचाल की भाषा में योग शब्द का प्रयोग करना चाहिए, योगा का नहीं। विदेशी तर्ज पर हम सभी योग को योगा कहने लग गए। हम सभी को मिलकर इस विसंगति को दूर करना होगा। योगा का अर्थ है गलत तरीके से टेढ़े मेढ़े आसन व्यायाम की भांति करना, जबकि योग बिल्कुल ही अलग है। योग का अर्थ है सम्यक व्यायाम तथा एक सीढ़ी क्रम के अनुसार यम नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि, इस यात्रा को करना है। उन्होंने कहा कि ध्यान के माध्यम से अपने वास्तविक स्वरूप को जानना है।

## 10वीं व 12वीं के मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**बाबा रामदास** विद्यापीठ कलवेहड़ी में 10वीं व 12वीं कक्षा के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यापीठ के चेयरमैन वैद्य देवेंद्र बत्रा ने सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान से नवाजा और सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
कार्यक्रम के दौरान मेधावी बच्चों ने स्कूल प्रांगण में अपने-अपने नाम का एक पौधा भी लगाया।
प्रिंसिपल नीनू आहूजा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इससे पहले सम्मानित




बच्चों एवं स्कूल स्टाफ ने चेयरमैन वैद्य देवेंद्र बत्रा का फूलों से स्वागत किया। उनके साथ भंडारा कमेटी के प्रधान भारत भूषण काकू एवम यश बत्रा भी मौजूद थे। स्कूल के चेयरमैन वैद्य देवेंद्र बत्रा ने कहा कि समाज में ऐसे बच्चों का प्रोत्साहन जरूरी है, जिससे बच्चे संस्कारी और गुणवान बनें और अपने अभिभावकों का नाम रोशन करें।
प्रिंसिपल नीनू आहूजा ने बताया कि सभी बच्चों ने दिन रात मेहनत करके 10वीं और 12वीं की परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता हासिल की है। इसके लिए स्कूल की मैनेजर साबिया बत्रा, स्टॉफ व बच्चों के अभिभावक बधाई के पात्र हैं, जिनकी प्रोत्साहन से बच्चों ने परीक्षा परिणामों में अच्छे अंक हासिल करके नाम चमकाया है।
**यह बच्चे हुए सम्मानित**
10वीं कक्षा की महक सिंगला, साहिबा, वंशिका, आर्यन, सान्वी व 12वीं कक्षा से गायत्री, जिया, अक्षरा, दुष्यंत प्रताप सिंह, लक्ष्य, वरुण, सिमरप्रीत कौर, जतिन को शानदार परिणाम लाने पर सम्मानित किया गया।

## ट्रेन में हुई महिला की डिलीवरी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**लुधियाना से** दिल्ली की ट्रेन में सवार एक गर्भवती महिला को लेबर पेन शुरू हो गया और करनाल रेलवे स्टेशन पर महिला स्टाफ ने गर्भवती की डिलीवरी करवाने का भी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में एम्बुलेंस के जरिए गर्भवती को करनाल के अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डिलीवरी करवाई गई, लेकिन बच्ची को बचाया नहीं जा सका।
टिकट काउंटर वाली महिला ने बताया कि ट्रेन में ही महिला की डिलीवरी होने वाली थी। बच्चा बीच में अटका हुआ था। स्टेशन मास्टर ने स्थिति की जानकारी दी तो वे मौके पर पहुंची और उसने ट्रेन में ही डिलीवरी का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। स्थिति यह है कि बच्चा उल्टा पैदा हो रहा है। बच्चे के हाथ व सिर अंदर है, जबकि बाकी हिस्सा बाहर है। जिसकी वजह से गर्भवती को दिक्कत हो चुकी है और उसमें खून न के बराबर ही है और पेन भी खत्म हो चुका था। ऐसे में महिला की स्थिति को देखते हुए स्टेशन पर ही एक एम्बुलेंस बुलाई गई और उसे करनाल के अस्पताल में भेज दिया गया है। बताया यह भी जा रहा है कि बच्चे की तब तक डेथ हो चुकी है। जिसकी वजह से स्टेशन पर डिलीवरी करवाना मुश्किल था। गर्भवती ऊषा की बडी बहन रीटा ने बताया कि वह लुधियाना से नई दिल्ली जा रही थी।

## एक लाख श्रद्धालुओं को जल प्रदूषण के प्रति किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**यमुना दशहरे** पर मां यमुना सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को दूसरे दिन भी सूर्योदय के समय कुंजपुरा खंड से लगते यमुना मैया के कुंडा घाट पर महाआरती की गई। मंगलवार को दिन भर में इस घाट पर हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से आए करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगाई और मां यमुना की आराधना की। पूरा दिन यमुना तट पर उत्साह के साथ भजन-कीर्तन किया गया।
समिति के संरक्षक संत स्वरूप प्रेमपाल सागर ने सभी अनुयायियों को यमुना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने का प्रण दिलाया।



समिति के सेवादारों ने श्रद्धालुओं को दिनभर अटूट भंडारा चलाकर प्रसाद वितरित किया और प्यासों को पानी पिलाया। समिति की ओर से जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किए गए। आयोजन स्थल पर व्यवस्थाएं बनाए रखी।
यमुना घाट पर ऐसा पहली बार हुआ कि स्नान करने वाले महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टेंट तक की व्यवस्था की गई। इस स्थान पर यमुना की चौड़ाई बहुत ज्यादा है और जलधारा उत्तरप्रदेश की तरफ है। जो अशक्त श्रद्धालु थे और बुजुर्ग थे, उनको समिति के सेवादार जिम्नास्टिक कोच विजय कश्यप ने ट्रैक्टर पर बैठाया और जलधारा तक पहुंचाया, ताकि वे स्नान कर सकें।
इस मौके पर रजनीश सुभरी, परविंद्र भाटिया, चंद्रप्रकाश वर्मा, विजय कांबोज, अंशुल राणा, रविंद्र कुमार, अनीता, पंडित हेतराम, सेजल गहलोत, पंकज गहलोत, पारस, पारूल, तरूण, सानवी, अविश, मयंक, सोनाली, लविश, विक्की सिंह, रूमा, इंद्रा, मोनिका वर्मा, सलोचना, पंच दर्शन राणा, राहुल कश्यप, सौरभ, दुर्गेश और फ्यूचर जिम्नास्ट अकादमी कुंजपुरा की पूरी टीम ने सेवादार के रूप में पुण्य कमाया। समिति के अध्यक्ष कर्मबीर लाठर व महासचिव राजपाल रोजड़ा ने कहा कि इस प्रयास से लोगों में जल प्रदूषण को लेकर जागरूकता का जिक्र हो रहा है। इस प्रयास को तेज किया जाएगा।

# संपादकीय

## गुलामी की मानसिकता के इतिहास का अवसान

**स्वतंत्रता** प्राप्ति के 75 वर्षों के लंबे अंतराल के पश्चात विविध राजनीतिक अवरोधों को पार करते हुए देश को अपना नया संसद भवन मिल गया। नया संसद भवन आत्मनिर्भर भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत और अखंड भारत की संकल्पना का सन्देश दे रहा है। इसके उद्घाटन अवसर पर तमिलनाडु की चोल परंपरा के सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक सेंगोल (राजदंड) की स्थापना की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को दंडवत प्रणाम किया। इसी के साथ गुलामी की मानसिकता के इतिहास का अवसान हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन में स्पष्ट सन्देश दिया कि आने वाले समय में सरकार भारतीय व अंतरराष्ट्रीय राजनीति व समाज को प्रभावित करने वाले बड़े व दूरगामी प्रभाव डालने वाले निर्णय लेगी। नए संसद भवन का उद्घाटन कर प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों की राजनीतिक जमीन को हिला कर रख दिया है। इस कार्यक्रम ने विपक्ष की 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के खिलाफ महागठबंधन बनाने के प्रयासों को भी तगड़ा झटका दिया है। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में 25 दल शामिल हुए जबकि विरोध में केवल 21 दल रहे। प्रधानमंत्री ने कहा भी कि यह संसद भवन आत्मनिर्भर और विकसित भारत का साक्षी बनेगा। यह संसद भवन 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। ये हमारे लोकतंत्र का मंदिर है जो योजना को यथार्थ से, नीति को निर्माण से, इच्छाशक्ति को क्रियाशक्ति से तथा संकल्प को सिद्धि से जोड़ने वाली अहम कड़ी साबित होगा। दिव्य और भव्य भवन राष्ट्र की समृद्धि व सामर्थ्य की नई गति को शक्ति देगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में एक ओजस्वी कविता सुनकर सम्पूर्ण परिवेश को राष्ट्र भाव से ओत प्रोत कर दिया नवीन प्राण चाहिए। प्रधनमंत्री ने संबोधन में इस भवन की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए साफ किया कि नया संसद भवन बनाना भविष्य की चुनौतियों को पूरा करने और उनसे निपटने के लिए कितना अनिवार्य हो गया था। नये संसद भवन को देखकर आज हर भारतीय गौरवान्वित है ,क्योंकि इसमें विरासत और वास्तुकला का कौशल है तो संस्कृति के साथ संविधान के स्वर भी हैं। संसद के प्रांगण में राष्ट्रीय वृक्ष बरगद है तो लोकसभा का आंतरिक हिस्सा राष्ट्रीय पक्षी मोर को समर्पित है जबकि राज्यसभा का आंतरिक हिस्सा राष्ट्रीय फूल कमल पर आधारित है। नए भवन में पवित्र सेंगोल की स्थापना कर इसकी गरिमा लौटाई गई है। महान चोल साम्राज्य में सेंगोल कर्तव्य पथ, सेवापथ और राष्ट्रपथ का प्रतीक माना जाता था। संसद भवन का उद्घाटन हो जाने से गुलामी के सभी प्रतीकों व विचारों से स्वतंत्रता मिलने का युग प्रारम्भ हो चुका है। नवीन संसद भवन में शिव वाहक नंदी से युक्त तथा नीतिपरायणता का सन्देश देने वाले सेंगोल की स्थापना से अब संसद में आन वाले सभी सांसदों को अपने कर्तव्यों का बराबर बोध होता रहेगा। सेंगोल को राजदंड या धर्मदंड भी कहा जाता है। इसे भावी रामराज्य के लोक कल्याणकारी पक्ष एवं प्रतिमान के रूप में देखा जा सकता है। संसद में अखंड भरत का मानचित्र भी है। अतः सेंगोल और अखंड भारत के मानचित्र से अखंड भारत के लिए धर्मसम्मत कर्तव्य का बोध भी जागृत हो सकेगा। सेंगोल की स्थापना वस्तुतः हमारे गौरवशाली इतिहास की पुनः प्रतिष्ठा है।

# सेवा, सुशासन और विकास को समर्पित मोदी सरकार

डॉ सौरभ मालवीय

"भाजपा द्वारा मोदी सरकार की उपलब्धियों से जनता को परिचित करवाने के लिए 30 मई से 30 जून तक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी ने कार्यकताओं से अपील की है कि वे इसमें बढ़ चढ़कर भाग लें। इस बात में कोई दो मत नहीं है कि नरेंद्र मोदी के शासन काल में भारतीय संस्कृति को उसका खोया हुआ गौरव वापस मिल रहा है। अपने 9 साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने विश्व में देश का नाम बढ़ाया है। देश ही नहीं, अपितु वैश्विक स्तर पर मोदी जी के कार्यों की सराहना हो रही है।"

**भारतीय** राजनीति में सबका साथ सबका विकास का नारा देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की राजनीति में अपनी विशेष पहचान बनाने में सफल रहे हैं। पार्टी की मजबूती की बात करें, तो नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर खड़ा करने में अद्भुत परिश्रम किया है। पूरे देश में सभी स्तर के चुनावों का संचालन करने में नरेंद्र मोदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी जी ने भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुषों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पार्टी का विस्तार किया तथा इसका जनाधार बढ़ाया। भारतीय जनता पार्टी आज देश में प्रथम स्थान की पार्टी है। साथ ही यह विश्व में सबसे अधिक सदस्यता वाली राजनीतिक पार्टी के रूप में जानी जाती है। मोदी सरकार ने अपने 9 साल के कार्यकाल में गौरवशाली भारत से आधुनिक भारत तक की यात्रा को मजबूती प्रदान की है।

**चरैवेति चरैवेति भाजपा का यात्रा मंत्र**

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1984 में भाजपा के लोकसभा में केवल दो ही सदस्य थे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 282 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। इस चुनाव की विशेषता यह थी कि तीन दशक के पश्चात किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ था। इसके पश्चात वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 303 सीटों पर विजय प्राप्त की, जो किसी पार्टी द्वारा जीती गईं सर्वाधिक सीटें थीं। नरेंद्र मोदी जब प्रथम बार प्रधानमंत्री बने थे, तब देश के केवल सात राज्यों में भाजपा की सरकार थी। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं गोवा में भाजपा के मुख्यमंत्री थे, जबकि पंजाब में शिरोमणि अकाली दल एवं आंध्र प्रदेश में टीडीपी के साथ भाजपा सत्ता में भागीदार थी। वर्ष 2018 में भाजपा अपने शीर्ष पर थी। उस समय 21 राज्यों में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। इससे यह बात सिद्ध होती है कि मोदी जी के विराट एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं कुशलता के कारण ही आज भाजपा सत्ता के केंद्र में बनी हुई है। वास्तव में राज्यों में भाजपा को सत्ता में लाने में भी मोदी जी ने अथक परिश्रम किया है। यह बात भी उल्लेख करने के योग्य है कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात से देश में विपक्ष नाम की वस्तु भी प्रायः लुप्त हो गई। देश में सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस भी सिकुड़ती गई। देश ही नहीं, अपितु उन सभी राज्यों की यही स्थिति है जहां भाजपा सत्ता में है। कोई भी पार्टी भाजपा के



समक्ष खड़ा होने में सक्षम प्रतीत नहीं हो रही है। मोदी जी के सुशासन एवं कौशल्य के समक्ष सभी पार्टियां धराशायी हुई पड़ी हैं। विपक्ष के पास ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिससे वह सत्ताधारी पार्टी को घेर सके। वामपंथी पार्टियां भी लुप्त सी हो चुकी हैं।

**ऐतिहासिक निर्णय लेने वाले प्रधानमंत्री**

नरेंद्र मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने बिना किसी भय के ऐतिहासिक निर्णय लेकर सबको चकित कर दिया। यह उनके निर्भीक व्यक्तित्व का ही प्रमाण है कि उनकी सरकार ने अनुच्छेद-370 और अनुच्छेद-35अ को निरस्त कर दिया। इसके कारण जम्मू और कश्मीर का देश के शेष भागों के साथ पूर्ण एकीकरण हो गया। लगभग 70 वर्षों तक इस अस्थायी अनुच्छेद ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित कर दिया था। ये दोनों अनुच्छेद क्षेत्र के विकास में बड़ी बाधा थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि अनुच्छेद-370 ने जम्मू-कश्मीर को दशकों तक केवल आतंकवाद, अलगाववाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद दिया। यह अनुच्छेद हटने के पश्चात पूर्ण विश्वास है कि केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

**मोदी की राम मंदिर निर्माण में भूमिका**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राम मंदिर का शिलान्यास किया था। राम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन के पश्चात यह प्रथम अवसर था, जब मोदी जी अयोध्या आए थे। उन्होंने राम मंदिर के निर्माण कार्यों में विशेष रुचि ली तथा कार्यों का निरीक्षण भी किया। वह कार्य की प्रगति की समय- समय पर जानकारी लेते रहे। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी द्वारा प्रारम्भ की गई रथयात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंरने गुजरात में रथ यात्रा का नेतृत्व किया था। उन्होंने राम जन्मभूमि आन्दोलन के समय गांव-गांव घूमकर आन्दोलन के लिए समर्थन जुटाया था। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके प्रयासों के कारण ही अयोध्या में राम मन्दिर निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो सका।

**धर्म-संस्कृति का संरक्षण एवं प्रोत्साहन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की ऐतिहासिक धरोहरों के सौन्दर्यीकरण का संकलप लिया है। इस कड़ी में उन्होंने भगवान शंकर की नगरी काशी को भव्यता प्रदान करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का स्वागत इस प्रकार हो कि वे बार-बार यहां आने के लिए उत्साहित हों तथा वे अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करें। उन्होंने काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की नींव रखकर इसका कार्य प्रारंभ करवाया। वे देशभर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्त्व वाले स्थलों का जीर्णोद्धार करवा रहे हैं तथा इसके साथ ही धार्मिक स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दे रहे है। केदारनाथ का पुनर्निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। बद्रीनाथ में भी नए मास्टर प्लान के अंतर्गत कार्य चल रहा है। ये धार्मिक स्थल हमारे देश की गौरवशाली संस्कृति के प्रतीक हैं। ये भविष्य में हमारी संस्कृति को जीवित रखने का माध्यम हैं, ये संस्कृति के संवाहक भी हैं।

**जनकल्याण के कार्य**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के अंतिम व्यक्ति तक के जीवन को सुखी एवं समृद्ध देखने के अभिलाषी हैं. इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उनके शासन में देश ने प्रायः सभी क्षेत्रों में उन्नति की है। कृषि, उद्योग, रोजगार, आवास, परिवहन, विद्युत, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, सुरक्षा व्यवस्था, धर्म, संस्कृति एवं पर्यावरण आदि क्षेत्रों में मोदी सरकार ने सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किए हैं। छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांगजन को पेंशन के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। सरकार द्वारा अनाथ बच्चों के भरण-पोषण की भी व्यवस्था की गई है। जिन परिवारों में कोई कमाने वाला व्यक्ति नहीं है, सरकार उन्हें भी वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रही है। निर्धन परिवार की लड़कियों एवं दिव्यांगजन के विवाह लिए अनुदान प्रदान किया जा रहा है। निराश्रित गौवंश के संरक्षण पर भी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। सरकार प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में भी कार्य कर रही है, ताकि लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भयावह कोविड महामारी के समय देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को राशन उपलब्ध करवाना, पीड़ितों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा सभी देशवासियों को कोविड से सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण अभियान चलाना आदि ऐसे कार्य हैं, जो मोदी सरकार की सफलता को दशार्ते हैं।

**जनसंपर्क अभियान**

भाजपा द्वारा मोदी सरकार की उपलब्धियों से जनता को परिचित करवाने के लिए 30 मई से 30 जून तक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी ने कार्यकताओं से अपील की है कि वे इसमें बढ़ चढ़कर भाग लें। इस बात में कोई दो मत नहीं है कि नरेंद्र मोदी के शासन काल में भारतीय संस्कृति को उसका खोया हुआ गौरव वापस मिल रहा है। अपने 9 साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने विश्व में देश का नाम बढ़ाया है। देश ही नहीं, अपितु वैश्विक स्तर पर मोदी जी के कार्यों की सराहना हो रही है।

**( लेखक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि. में सहायक प्राध्यापक है )**

# कविता

## आओ दें पैगाम आत्म सम्मान का

जो जैसा बोयेगा
वैसा ही तो पायेगा,
हिंसा नफरत ईर्ष्या
यदि विश्व में फैलाओगे
शांति अमन चैन
कहां से पाओगे।
रूस यूक्रेन युद्ध
विस्तार वाद की परिणति
लाखों लोगों ने देदी
इस हिंसा में आहुति।
बेघर हुई मानव जाति
बच्चे, बूढ़े ,स्त्रियां और
मासूम
यूक्रेन रूस युद्ध में
कितने कितने हुए गुमसुम
मुरझा गए आकाश कुसुम,
अमेरिका ,यूरोप निर्दयी हो
गए
रूस-यूक्रेन ने युद्ध की आग
में
घी डालकर हवन कर गए।
पाकिस्तान आतंक को
पालकर
हिंसा को अपनी ढाल बनाकर
अपने ही घर को जलाकर
अब आंसू बहा रहा है,
विदेशों से सहायता मांग कर
अपना घर चला रहा है।
भारत ने बोया पौधा शांति का
अब दुनिया को देशों को
दे रहा है संदेश
अमन चैन और शांति
का।
अब भी संभल जाओ
दुनिया वालों,
आने वाली नस्ल के लिए
एक नन्हा पौधा लगाओ
पृथ्वी पर
अमन चैन और बहाली का
और पाओ फल वैश्विक
खुशहाली का।
कुछ सीख लो
भारतीय वैदिक सनातन
संस्कृति से
और
पा जाओ कुछ
ईश्वर से ऐसा प्रसाद
जो तुम्हें देगा,
एक पैगाम
वृहद सद्गति और शांति का,
फिर कहीं नहीं होगी हिंसा
युद्ध और संताप।
नहीं करना पड़ेगा
मानव जाति को
युद्ध और हिंसा पर पश्चाताप
और मृत्यु का भयानक
संताप,
फिर सब जिएंगे
आत्मसम्मान
और गौरव के साथ,
अमन चैन होगा मासूमों के
हाथ,
अनंत शुभकामनाओं
और खुशहाली के साथ।

**संजीव**

# अशांत मणिपुर चिंता का सबब

**राजेश माहेश्वरी**

**पूर्वोत्तर का** छोटा सा सुंदर राज्य मणिपुर के इस वक्त हालात बिगड़े हुए हैं। मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के विरोध में राज्य में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए, जिसके बाद हिंसा भी भड़क उठी। करीब एक माह से पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर आग की लपटों में है। टकराव के बाद अब हत्याओं का दौर जारी है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह कुकी आदिवासियों को ह्यउग्रवादीह्व करार दे रहे हैं और सुरक्षा बल 40 उग्रवादियों को ढेर कर चुके हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 29 मई से मणिपुर के प्रवास पर हैं, लेकिन उनके आगमन की पूर्व संध्या पर 10 मौतें की जा चुकी हैं। मृतकों में एक महिला और असम पुलिस के दो कमांडो भी शामिल हैं। मणिपुर के विभिन्न जिलों में करीब 400 घर जला दिए गए हैं। अकेले कक्चिंग जिले में ही 200 और विष्णुपुर में 150 घर आग की लपटों के शिकार हो गए हैं। गुस्साई और उत्तेजित भीड़ ने 4 विधायकों के घरों पर भी हमले किए हैं। मौत और आगजनी का यह सिलसिला तब है, जब थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे मणिपुर में ही डेरा डाले हुए हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय भी वहां के हालात का जायजा लेने गए थे। इनके अलावा, सुरक्षा बलों और सेना के 36,000 से ज्यादा जवान भी मणिपुर में तैनात किए गए हैं।

मणिपुर में मैतेई, नागा और कुकी, ये तीन प्रमुख समुदाय है। इनमें नागा और कुकी आदिवासी हैं, जिन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिला हुआ है, इन दोनों समुदायों के ज्यादातर लोग ईसाई धर्म को मानने वाले हैं। जबकि मैतई हिंदुओं की आबादी वाला समुदाय है, जो अब तक गैरआदिवासी माना जाता था, लेकिन बीते मार्च महीने में मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतई समुदाय को भी अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का आदेश दिया। यह आदेश 19 अप्रैल को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुआ। इसके बाद से यहां असंतोष की चिंगारी सुलगने लगी जो अब आग का रूप ले चुकी है। क्योंकि अब इस राज्य में आदिवासी और गैरआदिवासियों के बीच जमीन और अन्य सुविधाओं के अधिकार का सवाल खड़ा हो गया है। लगभग साढ़े 22 हजार वर्ग किमी में फैले मणिपुर में लगभग 10 इलाका घाटी का है और शेष 90 प्रतिशत पहाड़ी इलाका है। राज्य के कानून के मुताबिक पहाड़ी इलाके में केवल आदिवासी ही बस सकते हैं, जबकि घाटी गैरआदिवासियों के लिए है और आदिवासी चाहें तो यहां भी रह सकते हैं। इस तरह 53 प्रतिशत आबादी वाले मैतेई समुदाय के लिए अब तक घाटी का ही इलाका था, लेकिन अब अजजा दर्जे के बाद वे पहाड़ी इलाके में भी जा सकेंगे। इतना ही नहीं आदिवासियों के लिए आरक्षित नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में भी अब मैतेई समुदाय का हिस्सा होगा, जिसे लेकर राज्य के आदिवासी सशंकित है। मैतेई लोन या मणिपुरी भाषा को केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की परीक्षा में स्वीकृति मिली हुई है, संविधान की आठवीं अनुसूची में भी मैतेई भाषा को शामिल किया गया है।

# विचार

## भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी

**एमजी/एमएस/आरपी/जेके**

**1960-70** के दशक के दौरान अंतरिक्ष क्षेत्र में एक छोटी शुरूआत के बाद, भारत ने वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अग्रणी राष्ट्र बनने के लिए एक लंबी यात्रा की है। विशेष रूप से पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के विकास के लिए निजी क्षेत्र को आगे लाने तथा एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार करने के लिए सरकार ने ठोस प्रयास किये हैं। भारत सरकार ने 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों की शुरूआत की, भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में निजी कंपनियों की भागीदारी को बढ़ाने और वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों की शुरूआत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, साथ ही निजी कंपनियों को भी समान अवसर एवं सुविधायें दी गयीं। सरकार के सुधार दृष्टिकोण को लागू करने के लिए; एक व्यापक, समग्र और प्रभावी रूपरेखा के रूप में भारतीय अंतरिक्ष नीति-2023 को तैयार किया गया है। इसके विजन में अंतरिक्ष क्षमताओं का विस्तार करना शामिल है, ताकि अंतरिक्ष क्षेत्र में समृद्ध व्यावसायिक उपस्थिति को सक्षम और विकसित किया जा सके।

अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) के प्रशासनिक नियंत्रण में तथा भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) के रूप में; न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) को 2019 में निगमित किया गया था। इसका उद्देश्य, अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए भारतीय अंतरिक्ष उद्योग को एक उच्च-प्रौद्योगिकी विनिर्माण आधार के विस्तार को सक्षम बनाना है। बदले में, यह उद्यम; घरेलू और वैश्विक ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के उत्पादों और सेवाओं का व्यावसायिक उपयोग करने में उन्हें सहायता प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने जून 2022 में, भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) का उद्घाटन किया था। इसकी स्थापना, अंतरिक्ष क्षेत्र में गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीई) को समान अवसर व स्पर्धा प्रदान करने के लिए एक स्थिर और अनुमान-योग्य नियामक रूपरेखा स्थापित करने के उद्देश्य से की गई थी। इन-स्पेस उद्योग जगत, शिक्षा जगत और स्टार्ट-अप का एक इकोसिस्टम तैयार करेगा, ताकि वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में प्रमुख हिस्सेदारी को आकर्षित किया जा सके।

भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में उद्योगों की बढ़ी हुई भागीदारी के प्रमुख उदाहरणों में शामिल है - विक्रम-एस (प्रारंभ मिशन) का 18 नवंबर 2022 को सफल प्रक्षेपण, जो मैसर्स स्काईरूट एयरोस्पेस प्रा. लिमिटेड, हैदराबाद, का उपकक्षीय प्रक्षेपण यान है। मैसर्स अग्निकुल कॉसमॉस प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई द्वारा 25 नवंबर 2022 को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा स्थित इसरो परिसर में पहला निजी लॉन्चपैड और मिशन नियंत्रण केंद्र स्थापित किया गया। अग्निकुल द्वारा विकसित अग्निलेट सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन का 4 नवंबर 2022 को इसरो सुविधा केंद्र में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। भारतीय अंतरिक्ष स्टार्ट-अप, मेसर्स ध्रुवस्पेस के दो नैनो-उपग्रहों को पीएसएलवी-सी54 मिशन में एक राइडशेयर के रूप में लॉन्च किया गया था। मैसर्स वनवेब के जेन-1 उपग्रहों को एलवीएम3 (जीएसएलवी मार्क-क्कक्क) का उपयोग करके लॉन्च किया गया था। एचएएल और एलएंडटी कंसोर्टिया; 824 करोड़ रुपये के अनुबंध मूल्य के साथ 5 पीएसएलवी के एंड-टू-एंड उत्पादन के लिए भारतीय उद्योग भागीदार होंगे।

आगे बढ़ते हुए, एनएसआईएल ने 19 प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और भारतीय उद्योग जगत को इसरो द्वारा विकसित 8 तकनीकों को सफलतापूर्वक हस्तांतरित किया है।

इस कदम से अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था इकोसिस्टम में निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी को प्रोत्साहन मिलेगा एवं भूमि के साथ-साथ अंतरिक्ष में भी अवसंरचना निर्माण में सहायता मिलेगी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## हाईटेक नई संसद, काश माननीय भी हो पाते पारंगत..!

**ऋतुपर्ण दवे**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा कर दिखाया। देश को बेहद कम और रिकॉर्ड समय में नई संसद मिली। साथही पहली बार पूरे देश ने एक साथ न्याय के प्रतीक पवित्र सेंगोल के बारे में और भी काफी कुछ पहली बार जाना। चोल साम्राज्य से जुड़ा सेंगोल जिसे हस्तान्तरित किया जाता है, उससे न्यायपूर्ण शासन की अपेक्षा की जाती है।प्राचीन काल सेंगोल न केवल राजदंड के तौर पर जाना जाता था बल्कि यह राजदंड केवल सत्ता का प्रतीक ही नहींबल्कि राजा को हमेशा न्यायशील बने रहने के साथ ही प्रजा को भी राज्य के प्रति समर्पित रहने के वचन का स्थिर प्रतीक भी रहा है। राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति का संदेश वाचन भी हुआ।

नई संसद का प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन पर तमतमाए विपक्ष ने तमाम तरह के आरोपों से घेरने की कोशिश की। लेकिन ऐसा लगता है कि धुन के पक्के प्रधानमंत्री और उनकी सरकार पर कोई फर्क पड़ानहीं। लोकतांत्रिक मूल्यों की दुहाई देकर विपक्ष केवल उद्घाटन पर सवाल उठाने से क्या हासिल पाया इस पर कुछ भी कहना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन इतना तय है कि प्रधानमंत्री की ढ़ेरों रैलियां, रोड शो और दूसरे कार्यक्रमों से इतर उनका महत्वकांक्षी सेण्ट्रल विस्टा प्रोजेक्ट जिसमें नई संसद का शिलान्यास व उद्घाटन कर जो बड़ी उपलब्धि हासिल की वो विरली है और अलग भी। अब कोई इसे इवेन्ट कहे या गैर जरूरी ये अपना-अपना नजरिया है। राजनीतिक दृष्टि से इसके मायने भी अलग हो सकते हैं। लेकिन जनता इस पर क्या सोचती है इसके लिए थोड़ा इंतजार जरूर करना होगा। हां भाग्यशाली वो सांसद जरूर हैं जिन्हें देश की पुरानी और नई संसद यानी दोनों में काम करने का मौका मिलेगा। नई संसद की बुनियाद भी नरेन्द्र मोदी ने 10 दिसंबर 2020 को तब रखी थी जब कोविड का दौर था। नई संसद तिकोने आकार का चार मंजिला विशाल निर्माण है जो 64,500 वर्ग मीटर में है।

इसे देशी कंपनी टाटा ग्रुप की सहायक टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड ने बनाया है तथा टेण्डरिंग में लार्सन एंड टुब्रो को पीछे छोड़ 861.9 करोड़ रुपये में हासिल किया। लेकिन वर्ष 2020 में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संसद में बताया था कि नए भवन की अनुमानित लागत 971 करोड़ रुपये है।

## जब अपने पर आए

**डॉ. सुरेश कुमार**

**डॉक्टर**...डॉक्टर बाहर रोगियों में मारामारी हो रही है। कुछ कीजिए वरना हालत काबू से बाहर हो जाएंगे। नर्स ने व्हाट्सएप पर व्यस्त इत्मीनान डॉक्टर से प्रार्थना की। डॉक्टर साहब ने पत्नी का भेजा हुआ कोई वीडियो देखते हुए कहने लगे - चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है। यह इन लोगों का रोज का तमाशा है। सरकारी अस्पताल को धर्मशाला समझ रखा है। जिसे देखो वह मुंह उठाए चला आता है। इनके लिए तो पूरी दुनिया में यही अस्पताल पड़ा हुआ है। न जाने यहां ऐसा क्या है जो झक मारने आ जाते हैं। यहाँ आने से मरने वाला थोड़े न जी उठेगा। वैसे मैंने पुलिस को फोन कर दिया है। वे जल्द आते ही होंगे। तब तक चुप मारकर यही पड़ी रहो। कुछ देर बाद जिला स्वास्थ्य केंद्र के बड़े डॉक्टर का फोन आ गया। सख्त हिदायतें देते हुए कहा -जहां तक हो सके कम टेस्टिंग करो। ज्यादा पॉजिटिव दिखाने की हिमाकत न करना। वरना विपक्ष वालों के हाथों फिर से बटेर लग जाएगा। समझे! इतना कहकर उन्होंने फोन काट दिया। प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के बाबू कुछ इत्मीनान की सांस लेने ही वाले थे कि फिर से फोन की घंटी बज उठी। इस बार उनके किसी मित्र ने फोन किया था। उसने उनसे अपने तीन-चार परिचितों को टीका लगवाने की प्रार्थना की। अब भला मित्र की बात को टाला कैसे जा सकता है। कहते हैं परोसने वाला अपना हो तो फिर आप कहीं भी बैठ जाएँ कोई फर्क नहीं पड़ता। उसकी आवभगत अच्छे से होती है। डॉक्टर बाबू ने पुलिस को सख्त निर्देश देते हुए रोगियों को कतार में खड़े होने के लिए कहा। सुबह साढ़े पाँच बजे से टीका और जांच के लिए खड़े लोगों के पैर जवाब देने लगे थे। मात्र तीस लोगों की जांच का फरमान जारी करते हुए बाकियों को जबरन भगा दिया गया। जबकि टीका के लिए इससे भी अधिक संख्या में लोगों को निपटाने का फैसला किया। बाकी टीका बड़े-बड़े लोगों और परिचितों के लिए रख छोड़ा था। नई नर्स गरीब और पिछले तबकों और पुरानी नर्स अमीर और हाई प्रोफाइल लोगों को टीका लगा रही थी। इस बीच डॉक्टर बाबू का फोन फिर से बज उठा। इस बार फोन घर से आया था। बात करने पर पता चला कि छोटे लड़के की तबीयत अचानक से बिगड़ गई है। इस पर डॉक्टर बाबू ने पत्नी को सख्त हिदायत देते हुए कहा - लड़के को फलाँ जगह के सबसे बड़े निजी अस्पताल में ले जाना। भूलकर भी सरकारी अस्पताल में कदम रखा तो ठीक न होगा।

# दिल्ली मर्डर: साहिल ने 15 दिन पहले चाकू खरीदा था

## नाबालिग की हत्या का उसे कोई पछतावा नहीं, पुलिस 2 दिन और पूछताछ करेगी, अचानक ब्रेकअप की वजह से उसका गुस्सा भड़का

### चेहरे पर शिकन नहीं

= बुलंदशहर जाने के लिए साहिल ने 2 बसें बदलीं। मर्डर के बाद ही उसने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/ दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली में** 16 साल की नाबालिग की हत्या करने वाले साहिल को कोर्ट ने 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस ने बीती रात भी साहिल से पूछताछ की है। सूत्रों के मुताबिक, साहिल को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। उसे पुलिस को बताया कि हत्या से 15 दिन पहले उसने लोकल मार्केट चाकू खरीदा था। उस जगह का पता पुलिस को नहीं बताया है। साहिल ने पुलिस को बताया कि अचानक ब्रेकअप की वजह से उसका गुस्सा भड़का। उसने प्लानिंग के बाद मर्डर किया। सूत्रों के मुताबिक, हत्या के बाद साहिल रिठाला गया, यहां उसने चाकू छिपाया और फिर बुलंदशहर रवाना हुआ। पुलिस ने अभी चाकू बरामद नहीं किया है। बुलंदशहर जाने के लिए साहिल ने 2 बसें बदलीं। मर्डर के बाद ही उसने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। मोबाइल बरामद कर लिया गया है। वारदात के वक्त उसके पास मोबाइल नहीं था। साहिल ने शाहबाद डेयरी इलाके में रविवार शाम 16 साल की नाबालिग की सरेराह हत्या कर दी थी। शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में लड़की के शरीर पर चाकू के 16 जख्म मिले हैं। जबकि पत्थर पटकने की वजह से उसका सिर फट गया था। मर्डर से पहले साहिल सीसीटीवी में किसी से बात करता दिखाई दिया था।

**साहिल एसी और फ्रिज मैकेनिक, पिता का नाम सरफराज:** साहिल के मकान मालिक ने बताया कि उसके पिता का नाम सरफराज है और वह 2 साल से अपने परिवार के साथ बरवाला की जैन कालोनी में रह रहा था। साहिल फ्रिज और एसी सुधारने का काम करता था। उसे बुलंदशहर से सोमवार दोपहर 3 बजे उसके रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया गया।

**साहिल और नाबालिग 3 साल से रिलेशनशिप में थे, लड़की ने दूसरे लड़के के नाम का टैटू बनवाया:** रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि लड़की ने हाथ पर एक दूसरे लड़के के नाम का टैटू बनवाया था। वो पहले प्रवीण नाम के लड़के से रिलेशनशिप थी। दोनों का ब्रेकअप एक साल पहले हुआ। इसके बाद वह साहिल के साथ रिलेशनशिप में आई। कुछ समय पहले लड़की फिर से प्रवीण से बात करने लगी थी।




### हत्या के बाद साहिल ने रिठाला में छिपाया था हथियार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी** दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में हुए साक्षी हत्याकांड को लेकर लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। ताजा जानकारी सामने आई है कि आरोपी साहिल खान किशोरी की निर्मम हत्या करने के बाद रिठाला भाग गया था। उसने वहां जाकर हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार छिपाया और फिर यूपी के बुलंदशहर स्थित अपनी बुआ के घर में जाकर छिप गया। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया कि शाहबाद डेरी इलाके में 16 साल की लड़की की चाकू मारकर हत्या के बाद आरोपी साहिल खान रिठाला भाग गया था, वहां हथियार फेंककर वह बस से बुलंदशहर चला गया। घटना के 10 मिनट बाद जब स्थानीय लोगों ने वारदात की सूचना दी तो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

**पुलिस को चकमा देने के लिए बदली दो बसें:** इसके अलावा यह भी बताया कि हत्या के बाद से साहिल का फोन बंद था और उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। बुलंदशहर पहुंचने के लिए साहिल ने दो बसें बदली थीं। पूछताछ में पुलिस के कुछ सवालों का जवाब वह नहीं दे पाया है। वह शायद पुलिस को गुमराह करने के लिए ऐसा कर रहा है। उसे पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा।



### दूसरे लड़के से बातचीत पर साहिल ने धमकी दी, लड़की ने नकली बंदूक से डराया था

**साहिल** ने 4 दिन पहले लड़की को धमकी दी थी कि वो किसी लड़के से बात न करें, लेकिन वो नहीं मानी। बीते दिनों लड़की ने खिलौने वाले बंदूक से साहिल को डराया था। उसने पुलिस में शिकायत करने की चेतावनी दी थी। साहिल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर खुद को शराब प्रेमी बताया है। डार्क लाइफ लव यू जैसी लाइन लिखी है। हुक्का पीने के वीडियोज पोस्ट किए हैं। एक पोस्ट में साहिल बोल रहा है- दुनिया चैन से नहीं जीने देती। आतंक फैलाना जरूरी है। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने ट्विटर पर इस मर्डर का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि साहिल के हाथ में कलावा क्यों बंधा है। उन्होंने लोगों के बर्ताव पर भी सवाल उठाया कि किसी ने नाबालिग को बचाने के लिए हिम्मत क्यों नहीं दिखाई। उन्होंने कहा- कोई दूर से ही पत्थर मारकर रोकने की कोशिश करता।

### साहिल को 2 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली की** रोहिणी कोर्ट ने 16 साल की लड़की साक्षी की हत्या के आरोपित साहिल को 2 दिनों की की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को रोहिणी कोर्ट में आरोपित साहिल को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। दिल्ली पुलिस ने साहिल को उत्तरप्रदेश के बुलंदशहर से 29 मई को गिरफ्तार किया था। साहिल पर आरोप है कि उसने साक्षी पर चाकू से बीस से ज्यादा वार किए। इसके बाद साहिल ने साक्षी के सर को पत्थर से कुचल दिया। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। वीडियो में साहिल चाकू से वार करते हुए देखा जा सकता है। इस घटना के समय सड़क पर इस पास सात-आठ लोग खड़े दिखाई दे रहे हैं। पुलिस के मुताबिक साक्षी और साहिल दोस्त थे। उनके बीच 28 भी को बहस हुई थी। घटना वाले दिन साक्षी किसी के जन्मदिन पर जा रही थी जहां रास्ते में साहिल ने उस पर हमला कर दिया। साक्षी के पिता की सूचना पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# सीएम ने एलजी को भेजी डीईआरसी अध्यक्ष नियुक्त करने की फाइल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष की नियुक्ति की फाइल एक बार फिर एलजी को भेजी है। दिल्ली सरकार ने एक बार फिर सेवानिवृत्त जज राजीव कुमार श्रीवास्तव को डीईआरसी का बतौर अध्यक्ष नियुक्त करने की सिफारिश की है। दिल्ली सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली सरकार ने एलजी को यह प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपाल में भेजा है। डीईआरसी के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति का मामला चार महीने से रूका हुआ है और पूरा काम ठप पड़ा है।

इस मामले को लेकर गत 19 मई को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एलजी को कड़ी फटकार लगाते हुए दो सप्ताह के अंदर इसपर निस्तारण करने का आदेश दिया था। 11 और 19 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा है कि एलजी लैंड, पब्लिक आर्डर और पुलिस को छोड़कर बाकी विषयों पर चुनी हुई सरकार की सहायता व सलाह पर कार्य करने के लिए बाध्य हैं। डीईआरसी के अध्यक्ष की नियुक्ति इसलिए महत्वपूर्ण है, ताकि दिल्ली में बिजली क्षेत्र को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर सके। चार माह पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डीईआरसी अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजीव कुमार श्रीवास्तव की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। उनकी नियुक्ति का प्रस्ताव तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पेश किया था, जिनके पास बिजली मंत्रालय का प्रभार था।

इससे पहले, पिछले दो डीईआरसी अध्यक्षों की नियुक्ति विद्युत अधिनियम के इसी प्रक्रिया के अनुसार की गई थी। प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए केजरीवाल ने कहा था कि पूर्व एलजी अनिल बैजल डीईआरसी के पिछले दो अध्यक्षों की नियुक्ति में सरकार के फैसलों से सहमत थे और उनका सरकार के फैसलों से अलग मत नहीं था।

### सिफारिश

= एक बार फिर सेवानिवृत्त जज राजीव कुमार श्रीवास्तव को डीईआरसी का बतौर अध्यक्ष नियुक्त करने की सिफारिश की है

# 'सेवा करने वाले ही दिल्ली को लूट रहे'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी ने मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट से दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। पार्टी ने कहा कि कोर्ट ने माना है कि मामला गंभीर है और आरोपित को छोड़ने पर वह जांच प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। केन्द्रीय मंत्री, भाजपा सांसद एवं प्रवक्ता मीनाक्षी लेखी ने आज पत्रकार वार्ता में आम आदमी पार्टी को शराब घोटाला मामले में घेरा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन लोगों से कानून की रक्षा करने और उन्हें बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है, वे कानून के उल्लंघनकर्ता बन गए हैं। जिसे दिल्ली की सेवा करनी थी, वह दिल्ली को लूटने के लिए भ्रष्ट




आचरण करने के अलावा कुछ नहीं कर रहा था। अध्यादेश के विषय पर केन्द्रीय मंत्री लेखी ने कहा कि सरकार को इसे लाना जरूरी हो गया था। सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार उजागर करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी। उन्हें बचाने के लिए जल्दबाजी में अध्यादेश लाया गया। ऐसा नहीं होता तो सरकार पहले कानून को संसद में पारित कराती।

उन्होंने कहा कि दिल्ली एक केन्द्र शासित प्रदेश है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि वर्तमान प्रावधानों के तहत अफसरों की नियुक्ति और स्थानांतरण का अधिकार दिल्ली सरकार को दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार चाहे तो इसमें बदलाव कर सकती है। इसी को देखते हुए कानून लाया गया है।

### आप को घेरा

= अनुमति मिलने के बाद केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार उजागर करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी।


# सांसद हंसराज हंस ने की साक्षी के परिजनों से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के सांसद हंसराज हंस ने 16 वर्षीय नाबालिग साक्षी की निर्मम हत्या मामले में उनके परिवार वालों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि अपराधी साहिल के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। हंसराज हंस के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने शाहबाद डेयरी जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्हें हरसंभव मदद और सहयोग का भरोसा देते हुए परिवार को वित्तीय सहायता भी दी। यहां पहुंचकर पत्रकारों से बातचीत में हंस ने कहा कि लड़की को यह लड़का भावनात्मक तौर पर ब्लैकमैल कर रहा था। इस संबंध में उन्होंने पुलिस से भी मुलाकात की है। हत्या से जुड़ा वीडियो काफी भयावह है। उसे देख पाना भी मुश्किल हो रहा है। हंस ने साक्षी के परिजनों को भरोसा दिलाया कि अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बयानों को राजनीति से प्रेरित बताकर हंस ने इनकी आलोचना की।

### सख्त सजा की मांग

= परिजनों को आश्वासन दिया कि अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। पीड़ित परिवार से मुलाकात की



भारतीय जनता पार्टी के सांसद हंसराज हंस ने 16 वर्षीय नाबालिग साक्षी की निर्मम हत्या मामले में उनके परिवार वालों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि अपराधी साहिल के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# अब मजनू का टीला में खून से लथपथ मिला महिला का शव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय राज**धानी दिल्ली से एक और हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ताजा मामला दिल्ली के मजनू का टीला इलाके का है। दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सिविल लाइंस के अरुणा नगर में एक इमारत की तीसरी मंजिल पर एक महिला का शव मिला है। जिसकी पहचान मनीषा छेत्री (22) के रूप में हुई है, उसका शव खून से लथपथ अवस्था में पड़ा था। घटनास्थल पर शव के पास एक अन्य महिला सपना (36) मिली। हालांकि, उसने पुलिस टीम को बताया कि वह बिल्डिंग की छत पर थी। बाद में उसे इस घटना की जानकारी हुई। एफएसएल टीम और क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

**सीएम केजरीवाल ने एलजी को घेरा:** इस वारदात को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर निशाना साधा है। ये हमारी दिल्ली में क्या हो रहा है? कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है। चारों ओर जंगल राज है। एलजी साहिब, कुछ तो कीजिए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में रविवार रात को 20 साल के साहिल खान ने 16 साल की साक्षी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी।

# अधूरे फ्लाईओवर पर कार दौड़ाई, 30 फीट नीचे गिरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नॉर्थ दिल्ली** के बारापुला-नोएडा लिंक रोड इलाके में एक निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर कार समेत गिरने से 42 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का नाम जगनदीप सिंह है, जो दिल्ली के कृष्णा नगर का रहने वाला था। वह ऑफिस से लौट रहा था।

30 फीट नीचे गिरने से जगनदीप की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आशंका जताई है कि वह नशे में था, इसलिए रास्ते को लेकर कन्फ्यूज हो गया और निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर चला गया।

**राहगीरों ने पुलिस को हादसे की खबर दी:** हादसे के बाद करीब 8.20 बजे एक राहगीर फुरकान ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जगनदीप को चकनाचूर हो चुकी कार से निकालने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं निकाल सके। पुलिस ने बताया कि बाद में फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। लगभग दो घंटे बाद उसे कार से निकालकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जगनदीप को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद उसका शव परिवार को सौंप दिया गया। पुलिस डिप्टी कमिश्नर नॉर्थ अमृता गुगुलोत ने कहा- हमें नहीं पता कि रास्ते में परेशानियां होने के बावजूद वाहन इतनी दूर कैसे पहुंचा। ऐसा लगता है कि उसने शराब पी थी, हालांकि इसकी पुष्टि के लिए हम पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।



**स्थानीय लोगों का आरोप- एंट्री पर बैरिकेडिंग प्रॉपर नहीं:** स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधूरा फ्लाईओवर जहां से शुरू होता है वहां केवल आंशिक बैरिकैडिंग है। राहगीरों के मुताबिक एंट्री पर हैवी जर्सी बैरियर तो हैं, लेकिन यह पूरी तरह से बंद नहीं है, जिससे कुछ गाड़ियों के निकलने की जगह बची थी। हालांकि, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि हैवी जर्सी बैरियर का मतलब ही यही है कि इस रास्ते का इस्तेमाल नहीं करना है।

### दर्दनाक हादसा

= लोगों का आरोप है कि अधूरा फ्लाईओवर जहां से शुरू होता है वहां केवल आंशिक बैरिकैडिंग है

# बदमाशों ने तरबूज खरीदा, पैसे मांगने पर विक्रेता की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बाहरी उत्तरी जिले के भलस्वा डेयरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर में बदमाशों ने रविवार को बाजार में तरबूज खरीदा। विक्रेता रामू के पैसे मांगने पर चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने कुछ घंटों के भीतर तीनों आरोपितों को दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक रामू कई वर्ष से मुकुंदपुर में सर्विस लेन पर फल-सब्जी बेचता था। रविवार को सुनील, मोनू और मोंटू ने उससे तीन किलो तरबूज खरीदा और बिना पैसे देकर लेकर जाने लगे। रामू ने पैसे मांगे तो उन्होंने चाकू से रामू पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। इस समय दुकान पर रामू की पत्नी भी मौजूद थी। पुलिस का कहना है कि इस दौरान वहां सैकड़ों लोगों की आवाजाही थी। किसी ने भी रामू को बचाने की कोशिश नहीं की। आरोपित इसके बाद फरार हो गए। केस दर्ज कर तीनों आरोपितों को उनके ठिकाने से दबोच लिया गया।

### एक और मर्डर...

= पुलिस ने कुछ घंटों के भीतर तीनों आरोपितों को दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक रामू कई वर्ष से मुकुंदपुर में सर्विस लेन पर फल-सब्जी बेचता था

# शाहबाद डेयरी की हर चौथी गली में बिक रहा नशा, बच्चे दिखाते हैं रास्ता

## बच्चे-बच्चियां, युवक-युवतियां, महिलाओं से लेकर बुजुर्ग तक नशे के कारोबार में लिप्त हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शाहबाद** डेयरी की करीब-करीब हर चौथी गली में नशा बिकता है। बच्चे-बच्चियां, युवक-युवतियां, महिलाओं से लेकर बुजुर्ग तक नशे के कारोबार में लिप्त हैं। शाहबाद डेयरी बस स्टैंड के पास स्थित चौकी से मात्र 400 मीटर की दूरी पर शराब, गांजा, मादक पदार्थ बिकते हैं। बस स्टैंड पर जाकर इलाके के किसी भी व्यक्ति से नशे के बारे में सिर्फ पूछना है। इसके बाद बच्चे नशा बेचने वालों के घरों का रास्ता बताते हैं और महिलाएं अवैध शराब, गांजा आदि का दाम बताती हैं। यह बात साक्षी की हत्या के बाद



पड़ताल में सामने आई। शाहबाद डेयरी स्थित चौकी से मात्र 400 मीटर की दूरी पर स्थित घर पर वे बच्चे नशा बेचते मिले, जिन्हें स्कूल में पढ़ाई करनी चाहिए। मां-पिता, दादा, दादी सभी नशा बेच रहे थे। कोई शराब बेच रहा था तो कोई, गांजा। इसी तरह जब साहिल खान के इलाके में जाकर देखा गया तो करीब एक किलोमीटर दूर से ही बच्चों ने शराब बेचने वालों के घर का पता बता दिया। वह बाइक पर बैठे व शराब कारोबारी के घर तक छोड़कर आए।

**पुलिस पर उठ रहे सवाल:** इस बारे में जब नशा कारोबारियों के पास रह रहे बच्चों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पुलिस कुछ नहीं करती। सभी आते हैं और सड़क पर पैसे लेकर वापस चले जाते हैं। इससे इलाके के बीट स्टाफ पर सवाल खड़े होना लाजमी है। उनकी नाक तले या फिर उनकी देखरेख में चल रहे इन नशे के कारोबार की ही देन है कि गली में नाबालिग को सबके सामने चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया जाता है। यहां पर लोगों में पुलिस का कोई खौफ नहीं है। कई बार यहां के कथित बदमाश पुलिस कर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीट चुके हैं। इस बारे में संबंधित अधिकारी ने कुछ भी कहने से इनकार किया।

### अवैध

= शाहबाद डेयरी बस स्टैंड के पास स्थित चौकी से मात्र 400 मीटर की दूरी पर शराब, गांजा, मादक पदार्थ बिकते हैं

# साक्षी के परिवार को दस लाख रुपये की मदद देगी दिल्ली सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी** उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी इलाके में साहिल नामक एक युवक द्वारा साक्षी नामक नाबालिग लड़की की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या करने के मामले में दिल्ली सरकार ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर के यह जानकारी दी। इसके साथ ही केजरीवाल ने कहा कि वह परिवार के साथ हर कदम पर खड़े हैं और आरोपित को कड़ी सजा दिलाने के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से बड़े से बड़े वकील को खड़ा किया जाएगा।




जानकारी के मुताबिक दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आतिशी भी मृतका के परिजनों से मिलने के लिए आज उसके घर पहुंचने वाली हैं, जहां वह परिजनों को सहायता राशि का चेक भी सौंपेंगी। गौरतलब है कि शाहबाद डेयरी इलाके में रविवार शाम शाहिल नामक युवक द्वारा साक्षी की कई बार चाकू घोंपकर और पत्थर से सिर कूचकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपित को सोमवार को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से गिरफ्तार कर लिया।

## न्यूज फ्लैश

### 31 जुलाई तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर ब्याज में मिलेगी 30 प्रतिशत छूट

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला नगर** आयुक्त अश्विनी मलिक ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स की राशि 31 जुलाई 2023 तक जमा कराने पर ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। पहले यह छूट 10 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से ब्याज छूट में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले सभी वर्गों को काफी राहत मिलेगी। जिन नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकते है। डीएमसी अश्विनी मलिक ने कहा कि हरियाणा में प्रॉपर्टी टैक्स अब पूरी तरह स्ट्रीम लाईन हो चुका है। प्रॉपर्टी टैक्स की ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट का लाभ अधिकतम लोगों को मिले इसके लिए सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बकायेदारों को प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करें ताकि वे सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकें। जिन लोगों की तरफ अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं ताकि नगर निगमों व नगर परिषद को विकास कार्यों के लिए पैसा प्राप्त हो सके। यदि यह पैसा निगम व परिषद के खजाने में आता है तो शहर में और अधिक तेजी से विकास कार्य संपन्न कराए जा सकेंगे।

### नारनौल में मौसम ने फिर ली कर-वट 2 दिन बाद हुई झमाझम बरसात

**नारनौल/संतोष यादव**
**मौसम** ने एक बार फिर से करवट ली है। 2 दिन तक मौसम साफ रहने के बाद मंगलवार दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ अच्छी बरसात हुई। लगातार हो रही बरसात के कारण मौसम सुहाना बना हुआ है। इससे लोगों को नौतपा में भी तपती गर्मी से राहत मिली हुई है। मौसम सुहाना बना रहने के कारण तापमान में भी लगातार गिरावट देखी जा रही है। मंगलवार का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम चल रहा है। वहीं अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 10 डिग्री कम चल रहा है। इस बार मई के अंत तक बरसात का दौर जारी है। मई में कई बार आंधी तूफान के साथ तेज बरसात दर्ज की गई। जिसके चलते मई में आमतौर पर मौसम सुहाना बना रहा। करीब 1 सप्ताह पूर्व मौसम साफ रहने के कारण नारनौल का तापमान 44 डिग्री के पास चला गया था। वहीं न्यूनतम तापमान भी 32 डिग्री के पास चल रहा था। इससे लोगों को करीब 1 सप्ताह पूर्व जबरदस्त गर्मी का एहसास हुआ था, लेकिन चार-पांच दिन से फिर से मौसम ने करवट ली हुई है तथा बरसात का दौर जारी है। हालांकि रविवार और सोमवार को मौसम साफ रहा। मंगलवार को भी सुबह से दोपहर तक मौसम साफ था तथा गर्मी पड़ी, लेकिन मंगलवार दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए। शाम को करीब 4:00 बजे तेज हवाओं के साथ जबरदस्त बारिश हुई। इससे मौसम एक बार फिर से सुहाना बन गया।

बाजरे की बिजाई में जुड़ जाएंगे किसान
मई माह के अंत में लगातार अच्छी में तेज बारिश होने के कारण किसान अब बाजरे की फसल की बिजाई में जुड़ जाएंगे। आमतौर पर किसान जून माह की पहली बरसात के बाद बाजरे की बिजाई करते हैं, मगर इस बार अच्छा मौसम होने वह लगातार बारिश होने के कारण किसानों को बाजरे की बिजाई में कोई परेशानी नहीं होगी।

### प्रधानाचार्य ने अपनी सेवानिवृति पर पौत्र ऋद्धविक शर्मा के हाथों से लगवाएं 11 पौधे

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ठसका मीराजी के प्रधानाचा**र्य कृष्ण कुमार शर्मा ने अपनी सेवानिवृति पर अपने 2 वर्षीय पौत्र ऋद्धविक शर्मा के हाथों से स्मृति स्वरूप 11 पौधे लगवाए। इस सेवानिवृति पर स्कूल के प्राध्यापकों द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया।मंगलवार को शिक्षा विभाग को सालों अपनी सेवाएं देने के बाद प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार शर्मा सेवानिवृत हुए। इस सेवानिवृति के कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले सभी प्राध्यापकों, परिजनों के संग पर्यावरण को स्वच्छ बनाने और अपनी स्मृतियों को हमेशा तरोताजा रखने के उदेश्य से अपने पौत्र ऋद्धविक के हाथों से 11 पौधे लगवाए। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार शर्मा ने अपने कार्यकाल में डाइट मोहड़ी व डाइट पलवल में भी अपनी सेवाएं दी। समाज सेवी बलबीर ने कहा कि प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार ने निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।

# यमुना में तीन युवक डूबे, एक को बचाया

## बल्देव, नौहझील, क्षेत्रों में हुई दर्दनाक घटनाएं, परिवारों में कोहराम

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**
**गंगा दशहरा** पर यमुना में स्नान करने गये तीन युवक डूब गये। गोताखोर और पुलिस स्टीमर से दो युवकों को खोजने का प्रयास कर रहे थे। जबकि एक युवक को लोगों ने सकुशल बचा लिया। दशहरा पर यमुना में अतिरिक्त पानी छोडा गया था। इससे यमुना का जलस्तर बढ़ गया था। गहरे पानी में डूबे युवकों को के परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। बलदेव क्षेत्र के गांव हथौडा निवासी 18 वर्षीय युवक रोहित सिंह पहलवान पुत्र विजय सिंह यमुना नदी के खडैरा घाट पर पानी में डूब



गया। घटना के डूबने के तीन घंटे बाद तक भी गोताखोरों के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश था। स्नान पर्व पर नाव, स्टीमर, या गोताखोरों की सुरक्षा की दृष्टि से किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। नौहझील क्षेत्र के गांव मनीगढी निवासी करीब 17 वर्षीय राजकुमार यमुना नहाने सुसमुना गांव के निकट गया था। वहां नहाते समय वह यमुना में डूब गया। उसके डूबने से वहां हड़कंप मच गया। गोताखोर उसकी यमुना में तलाश कर रहे हैं। उसके डूबने की खबर सुनक परिजन भी पहुंच गये। गांव के लोग भी यमुना तट पर जुट गये। ट्रैक्टर ट्राली से मनीगढी से करीब दो दर्जन महिला एवं पुरुष मुसमुना गांव के पास मोझई बांगर देवी मंदिर घाट पर यमुना स्नान को गये थे। इनमें से दो युवक डूब गए इनमें से एक युवक को सकुशल निकाल लिया था। नहाते समय 17 वर्षीय युवक राजकुमार पुत्र कमरपाल पुजारी वह 16 वर्षीय बसंत पुत्र सुबरन चैधरी अचानक डूबने लगे। जिसमें से वहां मौजूद लोगों युवकों को बचाने के लिए यमुना नदी में कूद पड़े और बसंत को सकुशल निकाल लिया। वहीं राजकुमार का कोई पता नहीं चला।

**मानसी गंगा में डूबा युवक, शव मिला:** मानसी गंगा दशहरा स्नान का आये रवि पेंटर पुत्र सुरेश निवासी नगला सेहूं थाना गोवर्धन की डूब कर मौत हो गई। युवक के डूबने की सूचना पर एसडीएम गोवर्धन एवं क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में युवक को निकालने के लिए अभियान चलाया गया। कांटे डाल कर गोताखोरों की मदद से निकाल लिया गया। जिसे निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोवर्धन भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गंगा दशहरा पर नदी, सरोवरों में लगाई आस्था की डुबकी



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**गंगा दशहरा** पर लोगों ने यमुना नदी और पवित्र सरोवरों में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद मंदिरों में दर्शन किये और दान पुण्य कर पुण्य कमाया। स्नान पर्व पर प्रशासन की ओर से भी चाक चैबंद व्यवस्था की गई थी। मथुरा में विश्राम घाट सहित आसपास के सभी घाटों सहित विश्राम घाट के सामने स्थित कच्चे घाटों पर भी व्यवस्था की गई थी। मंगलवार को गंगा दशहरा का पर्व मनाया गया। दशहरा पर्व पर नदियों और सरोवरों में स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। यमुना नदी में स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में लोग दूर दराज से पहुंचे। कैम्प कार्यालय बनाने के साथ ही 12 गोताखोर एवं 20 नाव (स्टीमर सम्मिलित) की व्यवस्था की गयी थी। नगर निगम के कर्मचारियों की शिफ्टवाइज ड्यूटी लगाई गई। इसके साथ ही स्टीमर के साथ पीएसी जवान भी तैनात रहे।

## दिग्विजय चौटाला के हैंडबाल एसोसिएशन अध्यक्ष बनने पर इनसो ने बांटे लड्डू



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**जजपा** प्रधान महासचिव भाई दिग्विजय सिंह चौटाला को हैंड्बाल एसोसिएशन ऑफ इंडिया का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी को लेकर मंगलवार को छात्र संगठन इनसो के छात्र नेता बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार ने छात्रों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई है। वहीं इनसो छात्र नेताओं ने बताया की जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला को सर्वसम्मति से हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया का अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने बताया की दिग्विजय चौटाला देश में हैंडबॉल खेल को बुलंदियों तक लेकर जांएगे और हैंडबाल खेल को नई पहचान दिलाने का काम करेंगे। इनसो छात्र नेताओं ने बताया की दिग्विजय चौटाला ने शुरूआत छात्र राजनीति से की थी तो वो युवाओं की समस्या बेहतर अच्छे तरीके से समझते है। वे खिलाडियों के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगितां करवाकर हैंडबाल के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करेंगे।

## लोकतंत्र की मजबूती का मापक है निर्भीक पत्रकारिता

**मथुरा। वृंदावन** में हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया गया। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट उपज की जिला इकाई मथुरा ने इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष अतुल जिंदल ने पत्रकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये। उन्होंने कहाकि पत्रकार ही लोकतंत्र की संजीवनी है। लोकतांत्रितक राष्ट्रों में पत्रकारित इस बात का मापक है लोकतंत्र कितना मजबूत है। एक मजबूत लोकतंत्र के लिए निर्भीक पत्रकारिता जरूरी कारकों में से एक है। इसलिए पत्रकारिता हमेशां संघर्ष का नाम रही है और संघर्ष ही पत्रकार का आभूषण है। लोकतंत्र में जनता की आवाज पत्रकारिता है जो एक दर्पण का काम करती है। उपज पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ हमेशा आवाज उठाएगी।

## पानीपत शुगर मिल में 150 करोड से बनने वाले एथेनॉल प्लांट का लगाया गया टेंडर

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** के नये शुगर मिल में करीब 150 करोड़ रूपए से बनने वाले एथेनॉल प्लांट का निर्माण कार्य अब जल्द ही शुरू हो जाएगा। मिल प्रबंधन ने एथेनॉल प्लांट बनाने को लेकर गम दिनों इसी 24 मई को टेंडर लगा दिया है। एथेनॉल प्लांट का निर्माण करने की इच्छुक कंपनियां अब ऑनलाइन टेंडर भर सकेगी और 23 जून को टेंडर को खोला जाएगा। वहीं इससे पहले शुगर मिल के एमडी व अन्य अधिकारियों के साथ प्लांट बनाने की इच्छूक कंपनियों की 7 जून को प्री बिडिंग मीटिंग होगी, जिसमें कंपनियों के प्रतिनिधि प्लांट को लेकर शुगर मिल के एमडी नवदीप



सिंह नैन से सीधे सवाल जवाब कर सकेंगे। गौर तलब है कि पानीपत के डाहर शुगर मिल प्रांगण में बनने वाले एथेनॉल प्लांट की इसी वर्ष 14 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने करनाल में आयोजित एक कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से आधाशीला रखी थी। इस प्लांट के बनने से पानीपत शुगर मिल की वित्तीय हालात में सुधार होगा और इसी प्लांट से होने वाली आमदनी से ही गन्ना किसानों को उनकी पेमेंट करने में भी आसानी होगी। बता दे कि पानीपत के गांव डाहर में बना नया शुगर मिल करीब 75 एकड़ जमीन पर बनाया गया है और उसमें से करीब 15 एकड़ जमीन पर एथेनॉल प्लांट बनाया जाना है। वहीं शुगर मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन ने बताया कि नये बनने वाले प्लांट में रोजाना 90 किलोलीटर एथेनॉल बनाया जाएगा और यह शीरा व ग्रेन बेस होगा।

# सचिन कुंडू के नेतृत्व में गांव पलेहड़ी में चलाया गया हाथ जोड़ो अभियान

## प्रदेश की जनता महंगाई, छात्र व युवा बेरोजगारी और किसान है बीमा कंपनियों से परेशान: सचिन कुंडू

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा में कांग्रेस** का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा , कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, हरियाणा प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्याकर्ता जनता के बीच जाकर सीधा संवाद कर रहे है और लोगों को कांग्रेस की जन लाभकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। वहीं इसी क्रम में पानीपत ग्रामीण हलका में हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन



कुंडू भी लगातार जनता के साथ जन संवाद कर रहे हैं और बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई सहित जनता से जुड़े तमाम मुद्दों को उठा रहे हैं। कांग्रेस नेता सचिन कुंडू ने मंगलवार को ग्रामीण हलके के गांव पलहेड़ी में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार को जनता को जन सरोकार के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। प्रदेश की जनता महंगाई, छात्र व युवा बेरोजगारी और किसान बीमा कंपनियों की लूट से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के समय हरियाणा हर क्षेत्र में अग्रणी था और प्रदेश के खिलाडि ?ों को पूरा मान सम्मान मिलता था। लेकिन आज हमारे खिलाड़ी जो अपने न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं, उन्हें सडकों पर घसीटा जा रहा है और उनके मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई जा रही है। वहीं सचिन कुंडू ने कहा कि कांग्रेस हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के माध्यम से राज्य के लोगों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए काम करेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता दीपक खटकड़, पूर्व सरपंच ऋषिपाल, युवा जिला अध्यक्ष मोहित बिंझौल, सतपाल रोड, पूर्व सरपंच राजेंद्र, संदीप बुडशाम, नरेंद्र बजाज, मुकुल, दयानंद, राजीव व संदीप त्यागी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## हायर इंडिया किनौची 5-स्टार एयर कंडीशनर्स बेस्ट इनोवेटिव प्रोडक्ट ऑफ द ईयर

**रोहतक।** होम अप्लायन्सेज के ग्लोबल लीडर और लगातार 14 सालों से प्रमुख अप्लायन्सेज के लिए दुनिया के नंबर 1 ब्राण्ड हायर अप्लायन्सेज इंडिया (हायर इंडिया) ने अपने 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स हायर किनौची के शानदार परफोर्मेन्स एवं उपलब्धियों की घोषणा की है। बेस्ट इनोवेटिव ऑफ द ईयरह्ल के रूप में सम्मानित ये एयर कंडीशनर्स कमरे को 20 गुना तेजी से ठण्डा करते हैं, और 60 डिग्री तक के चरम तापमान में भी बेहतरीन कूलिंग देते हैं। इस उपलब्धि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री सतीश एनएस, प्रेजीडेन्ट, हायर इंडिया ने कहा, ह्यह्यहायर में हम आधुनिक अनुसंधान, नई तकनीकों और प्रभावी निर्माण क्षमताओं के साथ सेगमेन्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स लेकर आते हैं। पिछले दो दशकों में हमने भारतीय बाजार में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर लिया है। हमें गर्व है कि हमारे किनौची 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स को बेस्ट इनोवेटिव प्रोडक्ट ऑफ द ईयर का खिताब मिला है। इस तरह की उपलब्धियां सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स लाने की हायर की प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जो देश के उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तत्पर है। मेक इन इंडिया और मेक फॉर इंडिया के दृष्टिकोण के साथ हायर आधुनिक, उर्जा प्रभावी, टिकाउ एवं सहज प्रोडक्ट्स के साथ भारत में अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार कर रहा है। उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को देखते हुए ब्राण्ड ने गर्मियों के इस सीजन 1 मिलियन से अधिक फ्रॉस्ट सेल्फ-क्लीन एयर कंडीशनर्स बनाए हैं, जो उर्जा की बचत के साथ-साथ सेल्फ-क्लीनिंग की सुविधा भी देते हैं।

## एचडीएफसी बैंक ने 2 विशेष कार्यकाल सावधि जमा योजनाएं शुरू कीं

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
एचडीएफसी बैंक, भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, ने आज 35 और 55 महीनों की कुल अवधि वाली दो विशेष अवधि वाली सावधि जमा योजनाएं शुरू करने की घोषणा की। विशेष अवधि सावधि जमा योजनाओं का लाभ 2 करोड़ रुपये से कम जमा पर लिया जा सकता है। ग्राहक 35 महीने (3 साल और 11 महीने) के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7.20% ब्याज और 55 महीने (4 साल और 7 महीने) के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7.25% ब्याज का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिक ग्राहक स्वीकृत ब्याज दर के अलावा 0.5% तक अतिरिक्त ब्याज मार्जिन का लाभ उठा सकते हैं। चूंकि जमा दरें अपने चरम के करीब हैं, नई स्पेशल एडीशन फिक्सड डिपॉजिट योजना उन ग्राहकों को लाभान्वित करेगी जो सुनिश्चित उच्च रिटर्न के साथ विस्तारित अवधि के लिए अपना पैसा रखना चाहते हैं।

## पत्रकारों का देश की उन्नति में बड़ा योगदान : डॉ. महासिंह

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक) देश की** उन्नति में पत्रकारों का बड़ा योगदान है तथा देश को आजाद करवाने से लेकर लोगों के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना पैदा करने का कार्य पत्रकारों ने किया है। हिंदी पत्रकारिता ने पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोया है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने मंगलवार को यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में नई शिक्षा नीति के तहत हिंदी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि के रूप में व्यक्त किए। डॉ. महासिंह ने कहा कि सभी बच्चे युवा पत्रकार हैं क्योंकि वह किसी न किसी तरीके से सूचनाओं का आदान प्रदान करते हैं। वर्तमान दौर तकनीकी का दौर है और हर बच्चा मोबाइल पर सूचनाओं का आदान प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने का कार्य मुख्य तौर पर जहां स्वतंत्रता सेनानियों ने किया वहीं पत्रकारों ने भी अपने तरीके से इसमें योगदान दिया है। 30 मई 1826 को कोलकाता से पंडित जुगल किशोर जी ने हिंदी का पहला समाचार पत्र उदंत मार्तंड प्रकाशित किया था। इसलिए 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने छात्रों को पत्रकारिता के विविध आयामों की जानकारी दी और इसके साथ-साथ उन्हें दिनचर्या में प्रयोग होने वाली चीजें व सांस्कृतिक तथा नैतिक उदाहरणों के माध्यम से पत्रकारिता की बारीकियों से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ महासिंह पूनिया ने स्कूल पुस्तकालय के लिए स्वयं द्वारा लिखित पत्रकारिता का बदलता स्वरूप पुस्तक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह को भेट की।

# आक्रोशित किसानों ने बरौली बिजली घर का किया घेराव

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**बिजली की** समस्या से आजिज किसानों ने मंगलवार को फिर बिजली घर पर प्रदर्शन किया। देहात में बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। इसे लेकर आये दिन बिजली घर पर प्रदर्शन हो रहे हैं। मंगलवार को आक्रोशित किसानों ने बलदेव क्षेत्र के बरौली बिजली घर का घेराव कर प्रदर्शन किया। इसके बाद अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का आरोप है कि ग्रामीण पेयजल के लिए त्राहि त्राहि कर रहे है। इन्हीं समस्याओं को लेकर के बरौली बिजलीघर पर किसानों ने प्रदर्शन किया है। प्रदेश प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन गजेंद्र परिहार, महासचिव आगरा



मंडल जगदीश परिहार, प्रवक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा, संगठन प्रचार मंत्री गिर्राज परिहार, सह प्रचार मंत्री योगेश सिंघल, ग्राम अध्यक्ष बरौली शेखर ,सलाहकार आगरा मंडल योगेश अस्थाना के नेतृत्व में ग्रामीण बिजली घर पर पहुंच गये। मौके पर पहुंचे जेई अशोक शर्मा व चैकी प्रभारी बरौली मय फोर्स के विद्युत उपकेंद्र बरौली पर पहुंचे। जेई अशोक शर्मा ने किसानों की विभिन्न समस्याओं का तुरंत निस्तारण करने का आश्वासन दिया जिसमें प्रमुख रूप से नगला डोडिया का 100 केवी का ट्रांसफार्मर विगत कई माह से खराब पड़ा है, को तत्काल प्रभाव से बदलवाने का जेई ने आश्वासन दिया। वहीं नगला डोडिया की बेंच केबल खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसे अविलंब बदलवाने का आश्वासन दिया गया तब जाकर के कहीं आक्रोशित किसान चैकी प्रभारी और जेई अशोक शर्मा द्वारा समझाए जाने पर शांत हुए। जिसका पूर्ण दायित्व अशोक शर्मा व विद्युत विभाग का होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमोद कोयण, सत्यवीर सिंह सुमित परिहार उदयवीर सिंह महताब सिंह हरिपाल बचचू सिंह रोहतास उर्फ गुड्डू वेदांत उपाध्याय, बॉबी, राजू, सत्यवीर, बबलू, बनिया, सुरेश, महेश, भूरा सहित बड़ी संख्या बल में किसान सरदारी मौजूद रही।

# जिला व सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष ने किया जिला जेल व विशेष गृह का औचक निरीक्षण

**8 किशोर बंदियों से बातचीत कर पढ़ाई के बारे में बातचीत की गई व कैदियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला ऐंवम** सत्र न्यायधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत प्रमोद गोयल व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी -सह-सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण,सोनीपत अशोक कुमार मान ने मंगलवार को जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैदियों की कानूनी सहायता



संबधित परेशानिओं का जायजा भी लिया गया। इस दौरान महिला वार्ड, अस्पताल, रसोई का भी दौरा किया गया व कैदियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्पेशल होम (विशेष गृह, सोनीपत) का भी औचक निरीक्षण किया गया व उपस्थित किशोर बंदियों से उनकी कानूनी सहायता संबधित आवश्यकताओं व परेशानियों का जायजा लिया गया। इस मौके पर यहाँ रहने वाले किशोर बंदियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, खान-पान व अन्य परेशानी के बारे में बातचीत की गई व कैदियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

## दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा ने गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी के अवसर पर

# भगवान परशुराम चौक पर छबील और विशाल भंडारे का किया आयोजन











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के केवल पार्क स्थित भगवान परशुराम चौक पर गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी पर छबील और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा आदर्श नगर विधानसभा ने किया।

इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, मुख्य संरक्षक व सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, नेहा अग्रवाल निगम पार्षद, पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, एक्शन इंडिया के संपादक रवि भारद्वाज, सुरेन्द्र त्यागी, सभा के प्रधान अरविन्द शर्मा, चन्द्रशेखर शर्मा, उमेश शर्मा, कपूर सिंह दहिया, ओम प्रकाश कौशिक,



मुकेश कौशिक, सुनील अवस्थी, पंडित निरजन शर्मा, मंगत राम शर्मा, अजय शर्मा, महंत अनिल शर्मा, पंडित गोपाल शर्मा, मोहित त्यागी, अंकित त्यागी, इन्द्रजीत मुखी, निखिल शर्मा, मनोज शर्मा, वरूण त्यागी, उज्जवल त्यागी, आदित्य त्यागी, तरूण शर्मा, दिव्यांश त्यागी, वासु त्यागी, गोपाल कृष्ण सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा दशहरा के अवसर पर विशाल भंडारा व छबील का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का मैं धन्यवाद करता हूं। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## मोदी सरकार ने अद्‌भुत एवं अविश्वसनीय कार्य किये: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मोदी** सरकार ने मई 2023 में अपने 9 वर्ष पूरे कर लिए है। इन नौं वर्षों में न जाने कितने ऐतिहासिक कार्य किए जा चुके है। धारा 370 को हटाया जाना, राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कोरी डोर, नए-नए एयरपोर्ट, राष्ट्रीय राजमार्ग आदि अभी हाल ही में नए संसद भवन का लोकार्पण कर मोदी सरकार ने अद्‌भुत एंव अविश्वसनीय कार्य किया है। इतने कम समय में एक विशाल संसद का निर्माण आने वाली पीढ़ी के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। वास्तव में मोदी सरकार देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहती है, जो केवल दृढ इच्छा शक्ति से ही हो सकता



है। उक्त बातें जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व की सराहना की। तथा उन्हें एक दूर-दृष्टा व्यक्तित्व वाला जनता का सच्चा सेवक माना है।

## 'स्लम क्षेत्र में रहने वाले बच्चों को सशक्त बनाएगी केजरीवाल सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** वंचित तबकों से आने वाले बच्चों की बेहतरी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केजरीवाल सरकार ने मॉडल टॉउन विधानसभा में "बाल विकास केंद्र" का शुभारंभ किया। दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा शुरू किए गए इस केंद्र का उद्घाटन महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने किया।

इस केंद्र का उद्देश्य स्लम में रहने वाले बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए हर जरूरी सुविधाएँ प्रदान करना है। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने कहा कि डीसीपीसीआर का बाल विकास केंद्र, स्लम बस्तियों में रहने वाले बच्चों के लिए आशा की किरण के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का विजन दिल्ली के बच्चों को सबसे अच्छी सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में दिल्ली के स्कूल बेहतर परिणामों के साथ निजी स्कूलों को भी पछाड़ते हुए विश्वस्तरीय बन गए हैं। अब सरकार का फोकस एमसीडी स्कूलों को विश्वस्तरीय बनाने और बच्चों की सीखने की जरूरतों के मुताबिक उन्हें विकसित करने पर है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने माता-पिता



से आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों के उज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में उनकी पढ़ाई-लिखाई में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि मैं जब भी स्कूलों में विजिट करने जाती हूं तो बच्चों की एक डिमांड रहती है कि हमे घर पर पढ़ने की जगह नहीं मिल पाती है। उन्होंने कहा कि एक आम परिवार के घर में इतनी जगह नहीं होती की वो अपने बच्चों की पढ़ाई व खेलने के लिए अलग जगह दे पाए। इसलिए ये बाल विकास केंद्र इन बच्चों के लिए बहुत खास है। बच्चे इस केंद्र पर स्कूल खत्म होने के बाद आ सकते है। जहां उन्हें पढ़ने- खेलने और हर दिन कुछ नया सीखने की जगह मिलेगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने कहा कि ये बाल विकास केंद्र दिल्ली के बच्चों और जनता को समर्पित है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि इस केंद्र में उनकी भागीदारी जरूरी है इसलिए वे सभी अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए इस केंद्र का इस्तेमाल जरूर करें। अक्सर बच्चों की माएँ कहती है कि वो कम पढ़ी लिखी है, ऐसे में वो अपने बच्चों के पढाई में कैसे भागीदार बन सकती है। तो उन उन सभी माताओं को कहना चाहती हूं कि बेशक वो पढ़ी-लिखी न हो लेकिन रोजाना कम से कम अपने बच्चों के लिए आधे घंटे का समय निकाल कर उनसे पूछे कि उन्होंने स्कूल में क्या किया, क्या ऐक्टिविटीज की। आपके रोजाना के इस आधे घंटे के टाइम से बच्चों पर बेहद सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देना केजरीवाल सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन अपने बच्चों को समय देना और बच्चे पढाई पर ध्यान दे वो माता -पिता की जिम्मेदारी है। और जब सरकार और आप मिलकर जिम्मेदारी निभाएंगे तो बच्चे को सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।



नरेला में जेठ मास के दशहरे के अवसर पर तिरखाराम चौपाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## मुख्यमंत्री सड़क पुनर्निर्माण योजना के तहत वित्तिय मदद को मंजूरी मिली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को सुचारू रूप से अमलीजामा पहनाने के लिए मुख्यमंत्री सड़क पुनर्निर्माण योजना के तहत वित्तिय मदद को मंजूरी मिली हैं।

शहरी विकास के सचिव को अवगत कराया जाता है कि संबंधित मंत्री ने विकास कार्यों के लिए 585.47 लाख रूपए को मजूरी प्रदान की है। इसी के तहत पहली किश्त यानि 50 प्रतिशत 292.72 लाख रूपए आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एमसीडी को जारी की गई है। इससे



संबंधित आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा को प्रपोजल प्राप्त हुआ है।



जेठ मास के दशहरे के अवसर पर नगर निगम नरेला जोन के कर्मचारियों द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई।

# नरेला में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के नरेला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा पाना उद्यान स्थित सेंटर पर 'नशा मुक्त भारत अभियान' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नाटक व गोष्ठी के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा का ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा पटका पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बीके प्रमोद बहन



ने नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी तरह का नशा हर तरह के अपराध की जननी है, हंसता -खेलता परिवार नशे के चंगुल में फंस कर पूरी तरह से बर्बाद



हो जाता है। इसलिए न खुद किसी तरह के नशे का सेवन करें और ना ही किसी को करने दें। वही मुख्य अतिथि प्रवीन लाकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि नशा एक अभिशाप है। नशे से न केवल वर्तमान बल्कि भावी पीढ़ियां भी बर्बाद हो जाती हैं। शरीर का भी नाश होता है और धन का भी।

इसके अलावा सामाजिक प्रतिष्ठा भी खराब होती है। इसलिए हम



सभी का दायित्व है कि न केवल खुद नशे से दूर रहना चाहिए बल्कि दूसरों को भी नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताना चाहिए।

कार्यक्रम संचालिका बीके गीता ने जानकारी देते हुए बताया कि 'नशा मुक्त भारत अभियान' का उद्देश्य केवल जनसाधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है बल्कि नशे के खिलाफ जनांदोलन का रूप देना



है। ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़कर अपना योगदान दे सके। इस दौरान मुरली क्लास भी कराई गई व छोटे-छोटे बच्चों ने लघु नाटक की शानदार प्रस्तुति देकर नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। कार्यक्रम में सोनीपत सेक्टर-15 डायरेक्टर बी के प्रमोद बहन, अटेरणा सेंटर से बीके गीता सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चाइल्ड लेबर को रेस्क्यू कराने व पुनर्वास एवं चुनौतियों पर सेमिनार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री यशवीर सिंह राठौर के दिशा निर्देशानुसार एवं श्रीमती सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद की अध्यक्षता व देखरेख में चाइल्ड लेबर को रेस्क्यू कराने व पुनर्वास एवं चुनौतियों पर एक सेमिनार का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के तत्वाधान में व बचपन बचाओ आंदोलन एनजीओ के सहयोग से कॉन्फ्रेंस हॉल न्यू बिल्डिंग जिला न्यायालय सेक्टर 12 फरीदाबाद में आयोजन किया गया। इस



सेमिनार में चाइल्ड वेलफेयर कमिटी एजुकेशन डिपार्टमेंट वुमन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट स्पेशल जूनाइल पुलिस यूनिट लेबर कोर्ट आदि रेस्क्यू से संबंधित सभी डिपार्टमेंट शामिल रहे। एनजीओ बचपन बचाओ आंदोलन की तरफ से अरुण कुमार शर्मा व मोहित ने बच्चों के बारे में बताया कि 0 से 14 बच्चों का एक ग्रुप होता है व 14 से 18 वर्ष बच्चों का एक ग्रुप होता है। जीरो से 14 वर्ष तक के बच्चे किसी भी संस्थान में काम नहीं कर सकते जबकि 14 से 18 वर्ष के बच्चे हजार्डयस वर्क में काम नहीं कर सकते। उस संस्थान में जहां पर बच्चों को चोट लगने का भय हो 14 से 18 साल के बच्चे अपने माता-पिता के काम में या ब्लड रिलेशन में किसी संस्था में उनका काम करने में हाथ बता सकते हैं। इसी अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुकीर्ति गोयल ने बताया कि बच्चों को रेस्क्यू करना अलग काम है लेकिन उनको पुनर्वास करना उससे भी बड़ा काम है हमें बच्चों को रेस्क्यू के साथ-साथ उनके पुनर्वास पर भी अधिक जोर देना चाहिए क्योंकि हम जब किसी बच्चे को उसके जीवन में दखल देते हैं। तो हमें यह देखना चाहिए कि उसका भविष्य में किस प्रकार मुख्यधारा से जोड़कर पुनर्वास करना है। पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता ने बताया कि बाल मजदूरी को रोकने के लिए हमें नियोक्ताओं को ठेकेदारों को जिनसे उन बच्चों को रेस्क्यू कराया गया है। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके खिलाफ भी सेक्शन 79 जेजे एक्ट 75 बॉन्डेड लेबर 370 आईपीसी व लेबर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवा कर नियोक्ताओं को ठेकेदारों को रोक सके साथ ही साथ रेस्क्यू हुए बच्चों को सरकार द्वारा जारी की गई योजनाओं से लाभान्वित भी करना चाहिए ताकि वह भविष्य में दोबारा बाल मजदूरी न करें।

# फरीदाबाद के छात्र-छात्राओं को जल्द मिलेगी हाईटेक लाइब्रेरी: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि शहर के टाउन पार्क में एचएसवीपी द्वारा हाइटेक लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। इस हाईटेक लाइब्रेरी में छात्र-छात्राओं को पढ? का एक अच्छा माहौल व स्थान मिलेगा। जिसका लाभ उनके जीवन की सफलता पर पड़ेगा। उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज मंगलवार को सेक्टर-12 टाउन पार्क में निमार्णाधीन पुस्तकालय भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिला में बनने वाली इस लाइब्रेरी में एक ई लाइब्रेरी भी बनाई जाएगी जिससे यहां आने वाले सभी लोगों को पढने के लिए इंटरनेट की फैसिलिटी प्रदान की जाएगी। लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षा के उपयोगी पुस्तकें, इंटरनेट सेवा से जुड़ी



कम्प्यूटर शिक्षा संसाधन, नेटवर्क सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। जिससे प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी उपलब्ध संसाधन का उपयोग कर परीक्षा की तैयारी आसान तरीके से कर अपना करियर बना सके।

इसके साथ ही उन्होंने शहीद स्मारक का निरीक्षण कर उसके रखरखाव में आ रही समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि लाइब्रेरी के निर्माण कार्य को 30 जून तक पूरा करे। इस अवसर पर ईओ एचएसवीपी सिद्धार्थ दहिया, एसई संदीप दहिया, डीआईपीआरओ राकेश गौतम, राष्ट्र कवि दिनेश रघुवंशी सहित अन्य कई अधिकारीगण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पार्टी में संगठन की मजबूती के लिए करेंगे प्रदेश का दौरा

**गन्नौर।** आम आदमी पार्टी में संगठन की मजबूती को लेकर एक बैठक जीटी रोड स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक में सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने बताया कि पार्टी को मजबूती देने के लिए राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जल्द ही हरियाणा का दौरे करेंगे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष युवा विंग नवीन ओहल्याण, प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार संगठन अनिल भारद्वाज, प्रदेश सहसचिव महिला विंग सरोजबाला राठी, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान सेल राजेश काली रमन, जिला सह सचिव एजुकेशन विंग अमित चाहलिया, युवा जिलाध्यक्ष अनुराग मलिक, रणबीर छिक्कारा, अंकुश त्यागी, विक्की खुराना आदि मौजूद थे।

### नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता में प्राप्त किया पहला स्थान

**गन्नौर।** गुमड़ गांव स्थित सीआरएम कबड्डी अकेडमी ने पट्टा हिमाचल प्रदेश में हुई पहली नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता के 45 किलो भार वर्ग में पहला स्थान प्राप्त कर गांव का नाम रौशन किया। अकेडमी कोच के एस खोखर ने बताया कि पट्टा हिमाचल प्रदेश में हुई पहली नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता के 45 किलो भार वर्ग में सीआरएम अकैडमी गुम्मड़ ने पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में प्रदेश की 25 टीमों ने भाग लिया। जिसमे गुमड़ अकेडमी की टीम पहला स्थान प्राप्त करने में सफल रही। एकेडमी के खिलाड़ी पहले भी पदक जीतकर एकेडमी व गांव का नाम रोशन कर चुके हैं। एकेडमी के चेयरमैन इंदर सिंह पहल ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हार जीत की चिंता छोड़कर खिलाडियों प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने टीम के खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस मौके पर एकेडमी महासचिव राज सिंह ,ट्रेजर मोहित, डॉ आनंद, मास्टर नफे सिंह ,मास्टर दलेल ,बाला ,रविंद्र सरपंच आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

### खंड की गौशालाओं को मिली 42 लाख 17 हजार रुपये की अनुदान राशि: चौधरी

**गन्नौर।** विधायक निर्मल चौधरी ने गन्नौर खंड की छह गौशालाओं को 42 लाख 17 हजार 400 रुपये की अनुदान राशि आवंटित करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विशेष रूप से गौवंश के संरक्षण के लिए प्रयासरत है, जिसके लिए नियमित रूप से गौशालाओं को अनुदान राशि आवंटित कर रही है। विधायक निर्मल चौधरी ने बताया कि वर्ष में दो बार गौशालाओं को अनुदान राशि आवंटित की जाती है। चालू वित्त वर्ष 2022-23 के अंतर्गत पहली अनुदान राशि गौशालाओं के खातों में डाल दी गई है। उन्होंने बताया कि सांदल कलां स्थित श्री राधाकृष्णा गौशाला को 2 लाख 98 हजार 800 रुपये, गढ़ी झंझारा स्थित गौ रक्षणी सनातन धर्म गौशाला को 6 लाख 40 हजार 200 रुपये, गन्नौर की श्री कृष्णा परनामी गौशाला को 9 लाख 23 हजार 400 रुपये, खेड़ी गुह्लर्जर स्थित बाबा ह्लयोतिनाथ गौशाला को 9 लाख 16 हजार 200 रुपये तथा गन्नौर स्थित श्री गौशाला को 9 लाख 45 हजार 900 रुपये और शाहपुर तगा स्थित बाबा मोहनदास गौशाला को 4 लाख 92 हजार 900 रुपये की अनुदान राशि आवंटित की गई है।

### ओ पी मलिक के नेतृत्व में तहसीलदार को ज्ञापन सौपा

**गन्नौर।** गन्नौर ब्लॉक के भूतपूर्व सैनिक संगठन द्वारा फेडरेशन ऑफ वेंटरस एसोसिएशन के बैनर तले महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री,,रक्षा मंत्री के नाम तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व सैनिक वर्ग ने मांग की कि राष्ट्रीय रक्षा में समर्पित रहे लाखों पूर्व सैनिक युद्ध वीरांगनाओं और दिव्य पूर्व सैनिक लंबे समय से अपनी मांगों के समाधान के लिए आंदोलनरत हैं । उन्होंने कहा कि देश के हर कोने से 3 अप्रैल 2023 को जिलाधीश के माध्यम से 29 अप्रैल 2023 को सांसदों के माध्यम से अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन भेजा गया था। उसके बाद 20 फरवरी 2023 से सरकार के दिल्ली के जंतर मंतर पर पूर्व सैनिक और धरने पर बैठे हुए 100 दिन पूरे हो चुके है, लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। ज्ञापन में कहा कि आप की सरकार ने अन्य मांगों को स्वीकृत किया पर पूर्व सैनिकों के बड़े वर्ग गैर अधिकारी जो 97 प्रतिशत है।

### नशा मुक्ति अभियान चला कर छात्रों को किया जागरूक

गन्नौर। गढ़ीकेसरी में शाश्वत चेतना व स्वामी चेतना स्कूल में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनसीबी हरियाणा के एसआई अशोक कुमार ने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज देश में नशा एक भयानक रूप ले चुका है जिसे समूल नष्ट करने के लिए सभी को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। हमे अपने बीच में रहने वाले नशा तस्करों और अपराधियों की पहचान करने की आवश्यकता है जो हमारे युवाओं को पथ भ्रष्ट कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एनसीबी हरियाणा द्वारा नशा व्यापारियों के खिलाफ ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# समरस समाज की स्थापना ही संघ का प्रयास रहा है: देव प्रसाद भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** विद्या भारती हरियाणा के अध्यक्ष देव प्रसाद भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ का प्रयास रहा है कि समरस समाज की स्थापना हो। ब्रिटिश सम्राज्य के अंतर्गत भारत में अंग्रेजों की फूट डालो राज करो की नीति के तहत पहली बार जातिगत जनगणना कराई गई। भारत में कभी भी छुआछूत नहीं रहा। वर्तमान में संघ का प्रयास है कि विदेशी ताकतें भारतीय एकता एवं अखंडता को नुकसान को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जातिगत विद्वेष फैलाने का प्रयास करते रहते हैं। हम सभी एक परिवार एवं एकसमान हैं। उपरोक्त वक्तव्य श्री भारद्वाज जी ने अपने



संबोधन में व्यक्त किए। बल्लबगढ़ के सेक्टर 65 स्थित वनवासी कल्याण आश्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बल्लबगढ़ संपर्क विभाग द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता विद्या भारती हरियाणा के अध्यक्ष देव प्रकाश भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु जी के सानिंध्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयास से सर्प्रथम उडुपी में सर्वसमाज के साधुसंतों को एक मंच पर आमंत्रित किया गया। जिसमें सभी ने एकमत होकर कहा कि सभी हिंदू हैं कोई उंच -नीच नहीं है। सभी समान हैं। सभी भारत माता की संतान हैं सभी एक ही परिवार की भांति हैं हम सभी भारतीय एकसमान हैं।

सहोदर हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वदेशी हांड़ी के संस्थापक मेहर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत की एकता एवं अखंडता को कायम रखने का प्रयास किया हैं। संघ कार्य प्रशंसनीय एवं वंदनीय है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बल्लबगढ़ जिला सह संपर्क प्रमुख चक्रपाणि तिवारी ने बताया कि समाज के सभी प्रबुद्ध बंधु संघ के बारे में जानना व समझना चाहते हैं। संघ इसी तरह के अनेक विषयों को लेकर मासिक गोष्ठियों का अयोजन करता आ रहा है। यह गोष्ठी भी इसी क्रम का हिस्सा है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा,सूबेदार उदयराम, बृजपाल नंबरदार, प्रमोद गोयल, दीपा बंसल,सुरेंद्र शर्मा, विजय पाल सिंह, जिला सह संपर्क प्रमुख चक्रपाणि तिवारी,निवर्तमान पार्षद राकेश गुर्जर, कैप्टन किशन लाल यादव, महिपाल सिंह, विवेक सिंह, योगेश गोयल, जितेंद्र बंसल, दीपक डागर, अरुण द्विवेदी, सतबीर शर्मा सहित नगर के अन्य प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# तीर्थ स्थल सतकुम्भा पर गंगा दशहरे पर श्रद्धालुओं ने डूबकी लगाकर मन्नत मांगी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर के सतकुंभा धाम में ज्येष्ठ माह में गंगा दशहरे पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालू सुबह से ही धार्मिक स्थानों पर पहुंचने शुरू हो गए और उन्होंने पूजा अर्चना की। तीर्थ सतकुंभा धाम के पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप महाराज ने कहा कि गंगा दशहरा में सिद्ध पीठ तीर्थ सतकुंभा धाम पर 20 हजार से ह्लयादा श्रद्धालु गंगा दशहरे के स्नान के लिए आए भंडारा लिया और श्रद्धा के साथ स्नान किया। उन्होंने बताया कि आज गंगा का जन्म हुआ है तब से लेकर आज



तक पतित पावनी गंगा मैया पूर्वजों का उद्धार करती रही है। उसके निमित्त गंगा दशहरे पर सिद्ध पीठ तीर्थ सत कुंभा धाम पर मेला लगता है। पौराणिक अलौकिक और दिव्य है। उन्होंने कहा कि सतकुंभा तीर्थ भारत के 68 तीर्थों में शामिल है। तीर्थ के तलाब में स्नान करने से गंगा स्नान का महत्व मिलता है। इस दौरान धाम के प्रबंधक सूरज शास्त्री की देख रेख में भंडारा व जल की छब्बील लगाई गई। श्रद्धालुओं के लिए अनंत भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### बिजली का पोल टूट कर बाइक चालक पर गिरा

**गन्नौर।** मोटरसाइकिल सवार पर शाहपुर से दातौली जा रहे युवक पर बिजली निगम के ट्रांसफार्मर का पोल टूट कर गिर गया। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक पोल पर बिजली की तारों की चपेट में भी आ गया। इस हादसे में मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मोटरसाइकिल चालक को इलाज के लिए पानीपत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार खेड़ी तगा का रहने वाला विरेंद्र पंडित अपनी मोटरसाइकिल पर शाहपुर से दातौली जा रहा था। दातौली गांव के पास पहुंचा तो सड़क किनारे खड़ा बिजली के ट्रांसफार्मर का पोल उस पर गिर गया।

# मानव रचना में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज(एमआरआईआईआरएस ) में छात्र कल्याण विभाग और एनएसएस इकाई ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। इस दौरान हरियाणा रेड क्रॉस से राज्य प्रशिक्षण अधिकारी श्री संजीव धीमान, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी सचिव श्री बिजेंद्र सोरोत, जिला प्रशिक्षण अधिकारी श्री पुरुषोत्तम सैनी और मास्टर ट्रेनर श्रीमती मीनू कौशल ने छात्रों को प्रशिक्षण दिया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. गुरजीत कौर चावला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रशिक्षण की शुरूआत में मास्टर ट्रेनर मीनू कौशल ने छात्रों को किसी भी आपात स्थिति के दौरान मौके का मुआयना कर प्राथमिक चिकित्सा देने के तरीके बताए। साथ ही सीपीआर, पीड़ितों को चोट के आधार पर मदद देने और फ्रैक्चर होने पर शुरूआती इलाज देने जैसी तकनीक भी सिखाईं। इसके बाद बिजेंद्र सोरोत ने छात्रों को संबोधित करते हुए रेडक्रॉस प्रशिक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर से ली गई जानकारी से आपात स्थिति में आप कई जिंदगियां बचा सकते हैं। श्री संजीव धीमान ने छात्रों को रेड क्रॉस से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं पुरुषोत्तम सैनी ने भी छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा को अनिवार्य रूप से सीखने की सलाह दी। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. गुरजीत कौर चावला ने शिविर में महत्वपूर्ण जानकारियां देने के लिए सभी अतिथियों का आभार जताया।

उन्होंने प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों की सराहना की और उन्हें रेड क्रॉस ब्रिगेड का हिस्सा बनकर समाज कल्याण से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेने की शपथ दिलाई।

# गंगा दशहरा पर्व पर आमजनों को मीठा शरबत वितरित किया

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** गंगा दशहरा पर्व पर सूरदास मार्किट दशहरा मैदान बल्लभगढ़ में कन्डेरे समाज समिति हरियाणा द्वारा छबील लगाकर आम जनों को ठंडा मीठा शरबत वितरित किया गया। सुबह 9 बजे शुरू हुआ किया गया और दोपहर 2 बजे तक जारी रहा। इस दौरान सैकड़ों राहगीरों ने ठंडे मीठे पानी पीकर राहत मिली। इस मौके पर कन्डेरे समाज समिति हरियाणा के अध्यक्ष बालकिशन कन्डेरे, जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नरेन्द्र कन्डेरे नागर, प्रदेश संगठन मंत्री नंदकिशोर कन्डेरे ने कहा कि गंगा दशहरा पर्व पर समाज द्वारा हर वर्ष छबील लगाकर पानी व मीठा



जल वितरित किया। प्रदेशाध्यक्ष बालकिशन कन्डेरे व नंदकिशोर कन्डेरे ने कहा कि आजादी से लेकर आज तक केन्द्र व राज्यों में सरकार बनने के लिए कन्डेरे समाज का अहम योगदान रहा है। समाज ने हमेशा जनहित व राष्ट्रहित के कार्य किए है। सभी सरकारों में कन्डेरे समाज की अनदेखी की गई है। उन्होंने केन्द्र सरकार की मोदी सरकार व राज्य की मनोहरलाल सरकार से कन्डेरे समाज को किसी भी श्रेणी में दर्ज करने की मांग की है ताकि समाज का उत्थान हो सके। जाति सूची में हमारे समाज को शामिल किया जाए ताकि हमारे समाज के बच्चों को भी सरकारी नौकरी व अन्य प्रकार का लाभ मिल सकें चाहे व शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में हो। इस मौके पर परमाल कन्डेरे, ब्रजमोहन कन्डेरे, देशराज भगत कन्डेरे, जगदीश गठी कन्डेरे, प्रेम बुढाका कन्डेरे, रामप्रकाश बुढाका कन्डेरे, जीतू कन्डेरे, विनामी कन्डेरे, अजीत कन्डेरे, शिवकुमार कन्डेरे, पप्पू कन्डेरे, मानिक चंद कन्डेरे, तोताराम कन्डेरे, लवली कन्डेरे, धर्मवीर कन्डेरे, पप्पू सिंह कन्डेरे, सत्यदेव कन्डेरे, भूप सिंह कन्डेरे, देवीराम कन्डेरे, डालचंद कन्डेरे सहित अन्य लोग शामिल थे।

# ग्लोबल वार्मिंग कम करने और जलवायु संरक्षण हेतु अम्मा द्वारा प्रेरक सी20 अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
**फरीदाबाद,** अयुद्ध (माता अमृतानंदमयी मठ की अंतर्राष्ट्रीय युवा शाखा) , अमृता अस्पताल, और अमृता विश्वविद्यालय ने सी -20 के अंतर्गत विभिन्न लोकोपकारी परियोजनाओ के क्रम में ग्लोबल सीडबॉल अभियान का शुभारम्भ किया। सिविल 20 इंडिया 2023 की अध्यक्ष, श्री माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा), के मार्गदर्शन में इस सीडबॉल अभियान का वैश्विक शुभारंभ इस साल अप्रैल में किया गया था। ग्लोबल सीडबॉल अभियान का उद्देश्य वर्ष 2023 में 1 मिलियन सीडबॉल बनाना है । इस अभियान



को सी -20 एसआरसी वर्किंग ग्रुप और अयुद्ध मिलकर पूरे विश्व में क्रियान्वित कर रहे हैं। श्री राजेश नागर (विधायक, तिगांव) और श्री सत्यानंद मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और भारत के पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त) सोमवार शाम 29 मई को कार्यक्रम में शामिल हुए। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में स्वामी निजामृतानंद पुरी (प्रशासनिक निदेशक, अमृता अस्पताल), डॉ. संजीव सिंह (चिकित्सा निदेशक, अमृता अस्पताल), ब्रह्म. मोक्षामृत चैतन्य (राष्ट्रीय समन्वयक अयुद्ध इंडिया, माता अमृतानंदमयी मठ की युवा शाखा), ब्रह्म. हषार्मृत (समन्वयक अमृता अस्पताल) शामिल हैं। श्री संदीप गिरिधर निदेशक,मॉडर्न डीपीएस स्कूल और सेंट कोलंबस स्कूल के सदस्य भी उपस्थित थे। इस सीडबॉल अभियान के शुभारंभ में सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें सीडबॉल बनाना, मिट्टी और खाद के मिश्रण से शुरू होकर, सीडबॉल को अंतिम रूप देने तक शामिल है । इन सीड बॉल्स को तैयार करने के लिए कई स्थानीय किस्मों के बीजों का इस्तेमाल किया गया है । कार्यक्रम में अन्य सीएसओ और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि , अमृता अस्पताल के कर्मचारी जिनमें कई डॉक्टर, इंजिनियर, नर्स, अमृता विश्वविद्यालय के छात्र और आसपास के स्कूलों के छात्र और शिक्षक भी शामिल थे। अपने संबोधन में श्री. नागर ने कहा कि, "अम्मा द्वारा शुरू किया गया यह सीडबॉल अभियान हमारे वन क्षेत्रों को पुनर्स्थापित करने के लिए एक बड़ी पहल है"। अपने स्थानीय क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास और अवसरों के बारे में बात करते हुए, उन्होंने यह भी कहा कि, अम्मा की संस्था हमेशा स्थानीय क्षेत्र के कल्याण के लिए गतिविधियाँ करती रही है और अमृता अस्पताल के कारण आसपास के क्षेत्रों में बहुत विकास हो रहा है। "। वनों की बहाली पर जोर देते हुए, अमृता अस्पताल फरीदाबाद के प्रशासनिक निदेशक, स्वामी निजामृतानंद पुरी ने कहा, ये सीडबॉल आने वाली सभी पीढि?ों के लिए भविष्य के बीज ले जाते हैं।" उन्होंने विधायक जी को अमृता अस्पताल के लिए उनके निरंतर समर्थन और सद्भावना के लिए धन्यवाद दिया। ब्रह्म. मोक्षामृत ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे इस अभियान के लिए इस वर्ष निर्धारित किए गए दस लाख सीडबॉल के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर दिन अपने समय में से कुछ घंटे समर्पित करें। "यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हम बढती हुई पर्यावरण सम्बंधित समस्याओं की गंभीरता को समझें । जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसे मुद्दे भविष्य में पूरे विश्व के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं । अगर हम अब भी नहीं जागे तो शीघ्र ही महामारी के जैसी स्थिति पुनः पूरे विश्व में उत्पन्न हो सकती है । एक वैश्विक नागरिक के रूप में यह हमारा कर्तव्य है कि हमसे जितना हो सके, हम प्रकृति में संतुलन स्थापित करने के लिए करें । सीडबॉल बनाना दूसरी प्रकृति को कुछ वापस देने का एक बहुत ही सरल तरीका है।
मानसून शुरू होने से पहले, आइए हम अधिकतम सीडबॉल बनाने की पूरी कोशिश करें और अपने समुदायों और परिवारों में दूसरों को भी आगे आने और इस सीडबॉल अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें ।

# एक्शन इंडिया

ACTION INDIA

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 31 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# उप्र में नो कर्फ्यू-नो दंगा, सब चंगा: योगी

## शिक्षा समाज के लोगों की भावनाओं को समझने का जरिया: सीएम योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**एक भारत श्रेष्ठ** भारत योजना के युवा संगम कार्यक्रम के निमित्त मंगलवार को आईआईटी पलक्कड़ केरल व लक्षदीप के 45 विद्यार्थी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मिले। यहां सबसे पहले मुख्यमंत्री ने सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों से परिचय किया। 45 में से 35 केरल व 10 लक्षदीप के विद्यार्थी हैं। इनमें 25 छात्र व 20 छात्राएं हैं। मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने उन्हें सफल जीवन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने छात्रों से संवाद के दौरान उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से शिक्षा मंत्रालय ने यह अभिनव प्रयोग प्रारम्भ किया है। आप जिस केरल से आये हैं, वहीं से कई वर्षों पहले शंकराचार्य भी आये थे और उन्होंने चार मठ स्थापित किए थे।



**कोई किसी भी राज्य का हो पर भाव सबका देश प्रेम:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा समाज के लोगों की भावनाओं को समझने का जरिया है। ये नई शिक्षा नीति को ही परिलक्षित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप में से कई लोग पहली बार उप्र आये होंगे। कोई किसी भी राज्य का हो पर उनका भाव देश प्रेम का ही होगा। जब देश संकट में आता है तो सभी राज्य एक साथ खड़े हो जाते हैं।

**उप्र में नो कर्फ्यू-नो दंगा, हमने हर मजहब से किया संवाद:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने उत्तर प्रदेश को देखा। केरल की तरह ही उत्तर प्रदेश भी देश की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। आबादी (25 करोड़) के लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां छह करोड़ मुस्लिम आबादी है। इसके बावजूद यहां न कर्फ्यू है और न ही दंगा। योगी ने बताया कि छह वर्ष पहले तक यहां ऐसे हालात नहीं थे। धार्मिक अवसरों पर हिंसा होती थी। लोगों का पलायन होता था। छह वर्षों में हमने इसे बदलने का प्रयास किया। इसमें युवाओं और आम लोगों का भी भरपूर साथ मिला है। इसी की वजह से आज उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**संवाद**

**प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से शिक्षा मंत्रालय ने यह अभिनव प्रयोग प्रारम्भ किया है: सीएम योगी**

## ट्रेड के साथ ही तय कर लें लक्ष्य: सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि उप्र में तकनीक का इस्तेमाल तेजी से शुरू हुआ है। इसके कारण रोजगार सुलभ हुए हैं। तकनीक के इस्तेमाल से भ्रष्टाचार भी कम हुआ है। आज डीबीटी के माध्यम से पूरा पैसा लाभार्थी को मिल रहा है। आज हम डिजिटल लेनदेन के दौर में पहुंच चुके हैं। सीएम ने सुझाव दिया कि जब हम कोई ट्रेड तय करते हैं, तभी लक्ष्य निर्धारित कर लें। दो करोड़ युवाओं को हम टेबलेट अथवा स्मार्टफोन उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि युवा तकनीक के साथ तालमेल बिठा सकें। उप्र में आज विकास हो रहा है। ओडीओपी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। 96 लाख एमएसएमई के माध्यम से प्रदेश में रोजगार की संभावनाएं कई गुना बढ़ गयी हैं। एक्सपोर्ट लगभग तीन गुना हो गया है। इस दौरान केरल व लक्षदीप के बच्चे योगी आदित्यनाथ से मिलकर फूले नहीं समाए। बच्चों ने काफी उत्सुकता से मुख्यमंत्री से सवाल किए। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के संन्यास का पहला धर्म सेवा है। हम सेवा को प्राथमिकता पर रखते हैं। धर्म का आशय कर्तव्य से है।

**26 से 31 मई तक उप्र प्रवास पर हैं विद्यार्थी:** उल्लेखनीय है कि 45 विद्यार्थियों का यह समूह 26 से 31 मई तक मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज में शैक्षणिक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पर्यटन के बारे में जानने आये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ, गंगा आरती समेत लखनऊ, प्रयागराज के संग्रहालय-संगम समेत विभिन्न हिस्सों में भ्रमण किया। प्रयागराज विश्वविद्यालय में आपको वहां के प्रवक्ताओं के अनुभव भी जानने के अवसर मिले होंगे। निश्चित तौर पर आपको भविष्य में इसका लाभ मिलेगा। योगी ने कहा कि आप उत्तर प्रदेश की विधानसभा को अवश्य देखें। यह देश की पहली पेपरलेस विधानसभा है। जल्द ही इसके 100 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित छात्रों व प्रतिनिधियों को ओडीओपी के उत्पाद भी भेंट किए। प्रतिनिधिमंडल में मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के कार्यवाहक निदेशक रवि प्रकाश तिवारी, शिक्षा मंत्रालय से सुरेंद्र नायक, अखिल भारतीय तकनीक शिक्षा परिषद के असिस्टेंट डायरेक्टर जॉन बी डब्लू आदि मौजूद रहे।

**न्यूज फ्लैश**

### पटना जंक्शन को उड़ाने की धमकी देने का आरोपित गिरफ्तार

**पटना:** पटना जंक्शन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला आरोपित सहरसा से गिरफ्तार कर लिया गया है। सोमवार रात पटना जंक्शन को बम से उड़ाने की धमकी देने मामले में पुलिस को सूचना मिली थी, जिसके बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस की टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर सहरसा में छापेमारी की और युवक को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने पटना जंक्शन की सुरक्षा बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस कंट्रोल रूम को सोमवार रात 11 बजे के आसपास बार-बार पटना जंक्शन को उड़ाने की धमकी भरा कॉल आ रहा था। धमकी भरा कॉल सहरसा से आया था। अधिकारी आनन-फानन में दलबल के साथ जंक्शन पर पहुंचे। यहां सभी प्लेटफार्म पर स्वान दस्ता और बम निरोधक दस्ता से जांच कराई गई। जांच टीम ने पटना जंक्शन के सभी प्लेटफार्म के सभी जगहों पर रात के 12 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक जांच की। जांच के दौरान किसी तरह का संदिग्ध या फिर कोई सामान की बरामदगी नहीं हुई। रेल डीएसपी हेड क्वार्टर सुशांत रेल डीएसपी लॉयन ऑर्डर जीआरपी समेत कई अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की।

### 38 बोतल शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**नवादा:** नवादा जिले के अकबरपुर के थाना प्रभारी अजय कुमार ने 38 बोतल शराब के साथ रजौली थाने के मुरैना गांव के निवासी पुना साव को गिरफ्तार किया है। जिसे पुलिस एक बड़ी सफलता मान रही है। नवादा जिले के अकबरपुर थाना के अध्यक्ष अजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि शराब लेकर जा रहा था । रास्ते में पकड़ लिया गया। 17 बोतल बियर तथा 11 बोतल शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक ने पूछताछ में बताया कि झारखंड से शराब लाकर नवादा जिले में बेचा करता था ।कई वर्षों से युवक अवैध शराब के धंधे में शामिल था। इसे आज गिरफ्तार किया गया।

### मुख्यमंत्री ने कटरा में हुए सड़क हादसे पर जताया दुख

**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जम्मू-कश्मीर के नेशनल हाइवे, झज्जर कोटली के पास बस के खाई में गिरने से हुए हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में बिहार के लोगों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही इस दुर्घटना में बिहार के मृतकों के आश्रितों को 02 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है।

## मुठभेड़ में 6 शातिर गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरुर्खाबाद**
**कोतवाली** फरुर्खाबाद पुलिस ने मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से चोरी के लाखों रुपए कीमती आभूषण व असलहा बरामद हुए हैं। पुलिस ने जनपद कासगंज थाना गंजडुंडवारा के मोहल्ला सुदामापुरी निवासी दर्शन वर्मा पुत्र रामबाबू ,मोहल्ला कादरगंज रोड निवासी विशाल कुमार उर्फ छोटू पुत्र रामसनेही, अमर कुमार उर्फ पप्पू पुत्र हरीराम,रितेश बाबू पुत्र ब्रजेश कुमार, आकाश कुमार पुत्र सत्य प्रकाश एवं मोहित दिवाकर पुत्र रामनिवास को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अंतर्जनपदीय चोर गिरोह को मोहल्ला घेरशामू खां केखाली प्लॉट से मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। उनके पास से करीब 5 लाख कीमती सोने के जेवरात 950 रुपए व 315 बोर के दो तमंचे खोखा कारतूस आदि सामान बरामद किया गया।

**शिकंजा**

**मुठभेड़ के दौरान अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया**


## हिंदू राष्ट्र नहीं, रामराज्य चाहिए: विमुक्तेश्वरानंद

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**जोशी मठ** के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद 3 दिन के रायपुर दौरे पर हैं। एक बार फिर उन्होंने दोहराया कि हमें हिंदू राष्ट्र नहीं चाहिए, बल्कि हम रामराज्य की कामना करते हैं। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कहा कि अगर वे राजधर्म का निर्वाह करते हैं, तो ये ऐतिहासिक होगा। अविमुक्तेश्वरानंद बोरियाकला स्थित आश्रम में प्राण-प्रतिष्ठा और विशेष पूजन में शामिल हुए। यहां उन्होंने मीडिया से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने देश में कुछ लोगों के शंकराचार्य होने के दावों को लेकर कहा कि वैदिक धर्म और वेदों की सुरक्षा के लिए 4 पीठों का निर्माण किया गया। हर पीठ पर शंकराचार्य बने। इसके अतिरिक्त कोई और भी स्वयंभू शंकराचार्य बनकर आए, तो उन्हें सही नहीं माना जा सकता। पुराने संसद भवन में स्पीकर की सीट के पीछे लिखा था 'यतो धर्मः ततो जयः', लेकिन प्रतीकों के अर्थों का 75 सालों तक सिर्फ उपेक्षा हुई। उसे नहीं माना गया। नई संसद में धर्मदंड तो लगाया गया, लेकिन उसके पीछे अर्थ पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के पत्र में या पीएम मोदी के भाषण में कोई बात नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतीकों के अर्थ को निभा सकें, तो ये ऐतिहासिक होगा, नहीं तो ये केवल कर्मकांड होकर रह जाएगा। देश की आजादी के समय विद्वानों ने लंबी चर्चा के बाद संविधान बनाया। जिसमें धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की बात स्वीकार की गई। अब अगर लोगों को ऐसा लगता है कि इससे उनकी आकांक्षाएं पूरी नहीं हो रही हैं, तो फिर उन्हें आपस में चर्चा करनी चाहिए और इसका एक फॉर्मेट (प्रारूप) रखना चाहिए। यदि फॉर्मेट सामने आएगा, तो इसके गुण-दोष पर हम विचार कर सकते हैं। उस समय करपात्री महाराज ने कहा था हिंदू राष्ट्र से काम नहीं चलेगा, रामराज्य की आवश्यकता है, क्योंकि रावण और कंस का भी हिंदू राज्य था। हिंदू राष्ट्र कहने में वो बात नहीं आती जो रामराज्य कहने से आती है।

हमें हिंदू राष्ट्र नहीं चाहिए। हम राम राज्य की कामना करते हैं। हिंदू राष्ट्र तो रावण और कंस के पास भी थे, लेकिन प्रजा परेशान थी। सबसे आदर्श कोई राज्य था तो वो था राम राज्य। उन्होंने कहा कि जब नए राज्य की स्थापना करना चाहते हैं, तो हम क्यों न रामराज्य की बात करें, तभी न्याय की स्थापना हो पाएगी।

**रैलियां होंगी जोरदार**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर वे राजधर्म का निर्वाह करते हैं, तो ये ऐतिहासिक होगा: पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी**





बलिया: गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी।






## चारधाम यात्रा: पीएमओ कर रहा निगरानी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**चारधाम** यात्रा के सफल और सुखद संचालन के लिए पीएमओ कार्यालय की नजर है। इसी के तहत केन्द्र सरकार के अधिकारी यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। मंगलवार को डीएमएमसी सभागार सचिवालय में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास रंजीत सिन्हा ने एनडीएमए भारत सरकार से आए राजेंद्र सिंघल की उपस्थिति में चारधाम यात्रा के सफल संचालन के लिए एक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने तीर्थ यात्रा को और बेहतर और सुगम बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पिछले यात्रा अनुभवों के बाद राज्य ने व्यवस्थाओं में काफी अच्छे परिवर्तन किये हैं, जिनको पीएम कार्यालय ने काफी नजदीक से मॉनिटरिंग किया। इस बार भी हम सभी को संयुक्त प्रयास करने हैं कि यात्रा पहले से और अधिक सफल और सुखद ढंग से सम्पन्न हो। यात्रा साल दर साल बेहतर रूप से संचालित हो। चारधाम यात्रा पर पीएमओ द्वारा भी समय समय पर संज्ञान लिया जा रहा है।



## युवा मोर्चा ही भाजपा का भविष्य : केशव प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**प्रदेश के** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति के प्रथम सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर बोलते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का भविष्य युवा मोर्चा ही है। वर्तमान में जो भाजपा का नेतृत्व कर रहे हैं वह चाहे प्रदेश हो या केंद्र, पहले वह युवा मोर्चा के कार्यकर्ता रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित है।

**तीर्थधाम**

### गंगोत्री धाम में हजारों भक्तों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

## गंगा दशहरा पर्व पर गंगोत्री धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
**विश्व** प्रसिद्ध गंगोत्री तीर्थधाम में गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर अनुष्ठान का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की तादाद में तीर्थयात्री और स्थानीय श्रद्धालुओं गंगोत्री पहुंचे। मंगलवार को गंगोत्री धाम में भव्य झांकी निकाली गई। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर गंगा की डोली में राजा भगीरथ की मूर्ति को रखा गया। मान्यता के अनुसार आज के ही दिन स्वर्ग लोक की देवी भगवती गंगा धरती पर अवतरित हुईं थीं। मां गंगा को धरती पर लाने के लिए राजा भगीरथ ने वर्षों तक कठोर तप किया था। इसके बाद गंगा धरती पर अवतरित हुईं थीं।



सुबह से ही गंगोत्री में गंगा स्नान और पूजन चल रहा है। गंगोत्री तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा लहरी गंगा पूजा किया। श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद तीर्थ पुरोहित ने वैदिक मंत्रों, गंगा सहस्त्रनाम के साथ विधिवत रूप से मां गंगा की विशेष पूजा अर्चना, हवन एवं आरती की गई। गंगोत्री में गंगा दशहरा पर्व पर दिनभर गंगा सहस्त्रनाम व अन्य अनुष्ठान चलते रहे।

**राजा भगीरथ की मूर्ति और गंगा की मूर्ति का श्रृंगार:** गंगा दशहरा पर राजा भगीरथ की मूर्ति और गंगा की मूर्ति का श्रृंगार किया गया। भगीरथ की मूर्ति को मां गंगा की डोली पर रखा गया। इसके बाद मंदिर परिसर से भगीरथ शिला होते हुए गंगा घाट तक झांकी निकाली गई। गौरतलब है कि गंगोत्री धाम में राजा प्रकृति ने तपस्या की थी जो आज भी जहां भागीरथी शिला विराजमान है। इधर उत्तरकाशी में भी विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मणिकर्णिका घाट गंगा तट पर गंगा दशहरा के मौके पर गंगा पूजन किया।